जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

बीकानेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर, रविवार 15 मई, 2022


# इतिहास में पहली बार

## 2000 Sq.Ft. बिल्ट-अप एरिया वाली 5BHK कोठी सिर्फ 75 लाख में !

A Project By Kedia

THE KUNBA

बड़े परिवारों के लिए

**NO** MIDDLE-MEN **DIRECT** TO CUSTOMER

FIXED PRICE

## बड़े परिवारों का बड़ा सा घर



NEAR MPS, PRATAP NAGAR, TONK ROAD, JAIPUR

KEDIA *Transforming Realty*

TOLL FREE: 1800-120-23-23, 7877-07-27-37

www.kedia.com | www.kediahomes.com | info@kediahomes.com

www.rera.rajasthan.gov.in | Rera No. RAJ/P/2022/1900

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

क्रोध से मूढ़ता उत्पन्न होती है, मूढ़ता से स्मृति भ्रांत हो जाती है, स्मृति भ्रांत हो जाने से बुद्धि का नाश हो जाता है और बुद्धि नष्ट होने पर प्राणी स्वयं नष्ट हो जाता है। –कृष्ण

# उत्तम मानसिक स्वास्थ्य के लिये व्यायाम

वर्ष 2022 तक व्यायाम पर हुये क्लिनिकल ट्रायल्स की मेटा-एनालिसिस पर 832 शोधपत्र यह स्पष्ट कर चुके हैं कि व्यायाम जीवन के लिये अनिवार्य है। आयुर्वेद की संहितायें, अनुभवजन्य ज्ञान और वर्ष 1892 से 2022 के मध्य प्रकाशित 2,97,809 शोधपत्र निर्विवाद रूप से सिद्ध करते हैं व्यायाम उत्तम स्वास्थ्य, परम आरोग्य और हितायु व सुखायु प्रदान करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की व्यायाम पर अद्यतन गाइडलाइन्स 2020 में प्रकाशित हो चुकी हैं। आयुर्वेद का निष्कर्ष भी स्पष्ट है (सु.चि.24.108-109): कफे प्रच्छर्दनं पित्ते विरेको बस्तिरीरणे।। शस्यते त्रिष्वपि सदा व्यायामो दोषनाशनः। भुक्तं बिरुद्धमप्यन्नं व्यायामान्न प्रदुष्यति।। कफ में वमन, पित्त में विरेचन, वात में बस्ति उपयोगी है, पर त्रिदोष शमन के लिये व्यायाम सदा हितकारी है। यहाँ तक कि विरुद्ध भोजन ले लेने पर व्यायाम करने वालों को हानि नहीं हो पाती।

दुनिया की एक महत्वपूर्ण मेडिकल जर्नल लैंसेट साइकियेट्री में वर्ष 2018 में प्रकाशित एक शोधपत्र को देखने से अब इस बात में कोई संदेह नहीं रह जाता कि नियमित व्यायाम के बिना उत्तम मानसिक स्वास्थ्य नहीं प्राप्त किया जा सकता। इस शोध में 12 लाख लोगों के आंकड़े यह सिद्ध करते हैं कि सप्ताह में 3 से 5 दिन के दौरान प्रतिदिन लगभग 45 मिनट व्यायाम मानसिक स्वास्थ्य के लिये परम लाभकारी है (लैंसेट साइकियेट्री, 2018, 5: 739-746)। इसके साथ ही 150 मिनट / सप्ताह मध्यम से तेज शारीरिक गतिविधि अवसाद के खिलाफ सुरक्षा देते हुये जोखिम को लगभग 22 प्रतिशत कम कर देती है (अमेरिकन जर्नल ऑफ़ साइकियेट्री, , 2018, 175: 631-648)।

वर्ष 2019 में प्रकाशित, 43,863 लोगों के मध्य13 वर्ष तक की गयी शोध से ज्ञात होता है कि 150 मिनट प्रति सप्ताह व्यायाम, मेजर डिप्रेस्सिव डिसआर्डर का खतरा 29 प्रतिशत तक कम कर देता है (प्रिवेंटिव मेडिसिन, 2019, 118: 38-43)। एक अन्य अध्ययन जो 33,908 स्वस्थ लोगों पर 11 वर्ष तक किया गया, से ज्ञात होता है कि नियमित व्यायाम डिप्रेशन से बचाव करता है (अमेरिकन जर्नल ऑफ़साइकियेट्री, 2018, 175: 28-36)।

दुनिया भर के 143 शोध-अध्ययनों की मेटा-एनालिसिस, जो विश्व में अपने विषय में आज तक का सबसे विस्तृत विश्लेषण है, से एक नई बात निर्विवाद स्थापित हुयी है कि हरियाली, गार्डन, पार्क्स या ग्रीन-स्पेस में व्यायाम और घूमना-फिरना स्वास्थ्य के लिये तुलनात्मक रूप से अधिक लाभदायक है (एनवायर्नमेंटल रिसर्च, 2018, 166: 628-637)। विशेषकर अनेक गैर संचारी रोगों को रोकने में हरियाली में किया गया व्यायाम अत्यंत महत्वपूर्ण है। दरअसल प्राकृतिक वनों और बगीचों में सैर-सपाटा के अनुभव से स्वास्थ्य-रक्षण और रोगोपचार का सिद्धांत ईसा से 1000 वर्ष पूर्व सबसे पहले आयुर्वेद ने दिया था। नेचर-एक्सपीरियंस का हेल्थ पर पड़ने वाले धनात्मक प्रभाव पर अब बहुतशोध हो चुकी है।

व्यायाम से शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य उत्तम रहता है, पर इसके बावज़ूद भी 168 देशों में 19 लाख लोगों से संबंधित आंकड़ों से ज्ञात होता है कि वैश्विक स्तर पर 27.5प्रतिशत या 1.4 अरब लोग शारीरिक रूप से निष्क्रिय हैं। विभिन्न देशों में निष्क्रियता का स्तर थोड़ा कम या थोड़ा ज्यादा है, पर औसतन चार वयस्कों में से एक से अधिक निष्क्रिय है। वैश्विक स्तर पर 8 प्रतिशत से अधिक के अंतर से पुरुषों की तुलना में महिलायें कम सक्रिय पायी गयीं। मध्यम और कम आय वाले देशों की तुलना में उच्च आय वाले देश अधिक निष्क्रिय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के विशेषज्ञों द्वारा की गयी यह शोध पूर्व में प्रकाशित 2008 के अनुमानों को अपडेट करती है (लैंसेट ग्लोबल हेल्थ, 2018, 6: 1077-1086)। निष्क्रियता का वैश्विक स्तर 2001 के स्तर जैसा ही है। बड़े आश्चर्य की बात है 18 वर्षों में लोगों को व्यायाम का महत्त्व नहीं समझ में आया। और तो और कम से कम 5000 साल पहले विश्व को सबसे पहले व्यायाम का चिकित्सकीय महत्त्व बताने वाले भारत में 34 प्रतिशत लोग चेष्टाद्वेषी हैं।

**रोजाना 60 से 75 मिनट या सप्ताह में 150 मिनट का व्यायाम अत्यंत लाभकारी है। लगभग 14 लाख लोगों के मध्य किये गये अध्ययन के आँकड़े बताते हैं कि व्यायाम 26 प्रकार के कैंसर का जोखिम घटाता है। व्यायाम हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर, मनोरोग सहित कम से कम 22 प्रकार के गैर-संचारी रोगों से बचाव की प्रमाण-आधारित औषधि है।**

दुनिया के 142 देशों के लिये उपलब्ध उच्चकोटि के आंकड़े, जो दुनिया की 93.2 प्रतिशत आबादी के प्रतिनिधि-आंकड़े हैं, से पता चलता है कि शारीरिक निष्क्रियता के कारण होने वाली बीमारियों जैसे कोरोनरी हृदय रोग, स्ट्रोक, टाइप-2 मधुमेह, स्तन कैंसर, पेट के कैंसर आदि के उपचार में लगाने वाली सीधी लागत लगभग 54 बिलियन डॉलर है (द लैंसेट, 2016, 388:1311-1324)। इसके अलावा, शारीरिक निष्क्रियता से होने वाली मौतों के कारण 13.7 बिलियन डॉलर उत्पादकता घटने की कीमत भी चुकानी पड़ती है। इन सब समस्याओं का मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है।

वर्ष 2016 में विश्व-प्रसिद्ध शोध पत्रिका लैंसेट में 10 लाख से अधिक लोगों के संदर्भ में एकत्र आंकड़ों के आधार पर प्रकाशित एक मेटा एनलिसिस से ज्ञात होता है कि रोजाना 60 से 75 मिनट या सप्ताह में 150 मिनट का व्यायाम अत्यंत लाभकारी है। लगभग 14 लाख लोगों के मध्य किये गये अध्ययन के आँकड़े बताते हैं कि व्यायाम 26 प्रकार के कैंसर का जोखिम घटाता है। व्यायाम हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर, मनोरोग सहित कम से कम 22 प्रकार के गैर-संचारी रोगों से बचाव की प्रमाण-आधारित औषधि है (द लैंसेट, 2016, 388:1302-1310)। गैर-संचारी रोग विश्व में 6.3 ट्रिलियन डालर का वित्तीय बोझ डाल रहे हैं, और वर्ष 2030 तक 13 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ने की आशंका है। गैर-संचारी रोगों के कारण 3.6 करोड़ लोग सालाना दुनिया से चले जाते हैं।

व्यायामः स्थैर्यकराणां (च.सू.25.40) का सन्दर्भ विशेष में अर्थ यह है शरीर को स्थिरता देने में व्यायाम सर्वश्रेष्ठ है। शारीरक श्रम जो स्थिरता और बल बढ़ाने वाला हो वह व्यायाम कहलाता है। इसे समुचित मात्रा में किया जाना चाहिये (च.सू. 7.31): शरीरचेष्टा या चेष्टा स्थैर्यार्था बलवर्धिनी। देहव्यायामसंख्याता मात्रया तां समाचरेत्।। महर्षि सुश्रुत का कथन है कि शरीर को थकाने वाला कार्य ही व्यायाम है (सु.चि. 24.38): शरीरायासजननं कर्म व्यायामसंज्ञितम्। तत् कृत्वा तु सुखं देहं विमृद्नीयात् समन्ततः।। शरीर में पसीना आना, श्वसन का बढ़ना, शरीर के अंगों का हल्का होना, और दिल की धड़कन बढ़ना, समुचित व्यायाम के लक्षण है (च.सू. 7.31-1): स्वेदागमः श्वासवृद्धिर्गात्राणां लाघवं तथा। हृदयाद्युपरोधश्च इति व्यायामलक्षणम्।। व्यायाम से हल्कापन, कार्य करने की क्षमता, मजबूती, दुःख सहने की क्षमता, शरीर में दोषों की साम्यता, और अग्नि में बढ़ोतरी होती है (च.सू. 7.32): लाघवं कर्मसामर्थ्यं स्थैर्यं दुःखसहिष्णुता। दोषक्षयोऽग्निवृद्धिश्च व्यायामादुपजायते।। सुश्रुत का कथन है कि (सु.चि. 24.39-40): शरीरोपचयः कान्तिर्गात्राणां सुविभक्तता। दीप्ताग्नित्वमनालस्यं स्थिरत्वं लाघवं मृजा।। श्रमक्लमपिपासोष्णशीतादीनां सहिष्णुता। आरोग्यं चापि परमं व्यायामादुपजायते।। अर्थात, व्यायाम करने से शरीर की पुष्टि, कान्ति, सौष्ठवपूर्ण अंग, बढ़िया भूख, आलस्य समाप्त होना, स्थिरता, हल्कापन, तथा शरीर की शुद्धि होती है। श्रम, क्लम, प्यास, गर्मी, सर्दी सहने की क्षमता बढ़ती है और व्यायाम से परम आरोग्य उत्पन्न होता है। तात्पर्य यह लिया जाये कि बैठे-बैठे बढ़िया गुरु भोजन ग्रहण और खटिया-कुर्सी तोड़ते रहना हमारे स्वास्थ्य के अच्छा नहीं है। अपनी आधी ताक़त के शारीरिक श्रम और व्यायाम करना मन-मस्तिष्क, प्राण और शरीर के लिये उपयोगी है।

स्वस्थ रहने के लिये व्यायाम अनिवार्य है किन्तु व्यायाम की अति हानिकारक है। अति-व्यायाम के कारण थकान, शरीर निढाल होना, दुर्बलता, प्यास, आन्तरिक रक्त प्रवाह, श्वास लेने में कठिनाई, अंधेरा छा जाना, खांसी, बुखार और उबकाई होती है (च.सू. 7.33): श्रमः क्लमः क्षयस्तृष्णा रक्तपित्तं प्रतामकः। अतिव्यायामतः कासो ज्वरश्छर्दिश्च जायते।। कहने का तात्पर्य यह है कि अति-उत्साह में शरीर की मर्यादा का उल्लंघन करके या अपने शरीर की औक़ात को भूलकर कसरत व्यायाम आदि में अति करने से हानि होती है।

अधिक सैक्स, अधिक भार ढोने या अधिक चलने से जो लोग दुर्बल हो गये हैं या गुस्सा, शोक, डर व श्रम से पीड़ित हैं, बच्चे-बूढ़े, वातपीड़ित, ऊंची आवाज में बहुत बोलने वाले, भूखे या प्यासे हों, उन्हें व्यायाम करना करना ठीक नहीं रहता (च.सू. 7.35-1,2): अतिव्यवायभाराध्वकर्मभिश्चातिकर्शिताः। क्रोधशोकभयायासैः क्रान्ता ये चापि मानवाः।। बालवृद्धप्रवाताश्च ये चोच्चैर्बहुभाषकाः। ते वर्जयेयुर्व्यायामं क्षुधितास्तृषिताश्च ये।।

व्यायाम को परिभाषित करते हुये महर्षि सुश्रुत ने लिखा है कि जो घूमना-फिरना शरीर के लिये बहुत पीड़ाकारी न हो वह आयु, बल, मेधा तथा अग्निवर्धक होता है और इन्द्रियों के लिये बोधकारी होता है (सु.चि. 24.80): यत्तु चङ्क्रमणं नातिदेहपीडाकरं भवेत्। तदायुर्बलमेधाग्निप्रदमिन्द्रियबोधनम्।। वस्तुतः व्यायाम शरीर के बल के आधे तक ही करना चाहियेः वलस्यार्धेन कर्तव्यो व्यायामो (सु.चि. 24.47)। व्यायाम करने वाले आदमी को उसके दुश्मन भी डर के मारे नहीं तंग करते। बुढ़ापा भी सहसा नहीं चढ़ बैठता (सु.चि.24.41-42): न च व्यायामिनं मर्त्यमर्दयन्त्यरयो बलात्।। न चैनं सहसाऽक्रम्य जरा समधिरोहति।

यदि आप स्वस्थ हैं किन्तु चेष्टाद्वेषी (अव्यायामी) हैं तो मरने का खतरा उतना ही है जितना मधुमेह व दिल के रोगियों में है। व्यायाम कीजिये। प्रतिदिन 60 से 75 मिनट व्यायाम करें तो उनके असमय मरने का जोखिम कम हो जाता है और शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य भी दुरुस्त रहता है। व्यायाम उम्र-आधारित स्मृति हानि और न्यूरोडीजेनेरेशन को रोकता है। छोटी किश्तों में किया व्यायाम भी कार्डियोमेटाबोलिक हेल्थ व मृत्यु-जोखिम कम करता है। बुढ़ापे में शारीरिक क्रियाओं को बनाए रखने के लिए नियमित शारीरिक व्यायाम आवश्यक है। यदि प्रतिदिन समय न मिल पाये तो समुचित खानपान के साथ सप्ताह में कम से कम 150 मिनट का व्यायाम अवश्य किया जाना चाहिये। व्यायाम करके देखिये, यह पैसे से भी ज्यादा प्रसन्नता देता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# अफगानिस्तान की हिंसा कितना कुछ बताती है?

पिछले कई दशकों से देखा जा रहा है कि जब भी कहीं अफगान शब्द आता है तो बस हिंसा और खून-खराबे के संदर्भों के साथ ही आता है। कभी-कभी मन में यह सवाल जरूर उठता है कि जिस धरती पर कभी बुद्ध की पूजा होती थी उस जमीन पर हर तरफ तबाही और मनुष्य के खून के धब्बे क्यों नजर आते हैं और क्यों ऐसा लगता है कि अफगानिस्तान में कभी भी शांति नहीं होगी और हमेशा मृत्यु ही तांडव करती रहेगी? क्या इस देश में आतंक, युद्ध, राजनीतिक उठापटक से जुड़े खून-खराबे के अलावा कुछ भी उल्लेखनीय नहीं है?

तालिबान से युद्ध के दौरान भी अमेरिकन सार्जेंट थ्रिस्टन तुपाज ने इस मानवता के मापक पर सबसे नीचे पड़े देश के नैसर्गिक सौंदर्य का वर्णन किया है। उत्तरी पूर्व अफगानिस्तान की वादियां, सुदूर का वाखम कॉरिडोर, हेलमंड के लाल पहाड़, सरएपोल प्रांत की पर्वतमाला, बंदएअमीर राष्ट्रीय पार्क, मैमाना की हरी पहाड़ियां, घोरबन्द का बसंत, पशाई के आदिवासी और बर्फ से ढके पामीर पहाड़ आदि कितने ही ऐसे स्थान हैं जो यदि यह देश शांत होता तो विश्व पर्यटन के सिरमौर होते। अफगानिस्तान के गुलाब बेहद कीमती होते हैं, पेरिस में उनकी जबरदस्त मांग है जब कि अफ़गानिस्तान की घाटियों में ये प्रचुरता से होते हैं । पर अफगानों को मार काट से फुर्सत मिले तो वे व्यापार करें और मालामाल हों मगर वे ऐसा नहीं करेंगे। पर्यटन और गुलाब इस देश को धनी राष्ट्रों में शामिल करवा सकते हैं पर ऐसा होने वाला लगता नहीं है । इस नकारात्मक राय के ऐतिहासिक एवम् मनोवैज्ञानिक कारणों का विश्लेषण सामयिक भी होगा और सबक देने वाला भी।

इतिहास में जाएं तो गडरिए के घर में जन्मा नादिर शाह अपनी तिकड़मों से पर्सिया (ईरान) का बादशाह बन बैठा और दिल्ली का लुटेरा तथा कत्लेआम का जिम्मेदार भी। वह अपने देश वापस पहुंचा ही था कि उसका भी उसके टेंट में कत्ल हो गया। जान बचाकर भागते उसके अंगरक्षक अहमद शाह अब्दाली ने रास्ते में ही दिल्ली से लाई जा रही लूट को लूट लिया जिसमें कोहिनूर हीरा भी शामिल था। इस सारे धन के बल पर अब्दाली ने एक तरह से अफगानिस्तान की स्थापना की थी क्योंकि पहले तो यह भूमि टुकड़ों में बटी हुई थी। बादशाह बनने के बाद अब्दाली एक विशेष पदवी के बाद दुर्रानी कहलाया और उसका रुख हिंद की तरफ मुड़ा। अब्दाली ने आठ बार सिंधु नदी पार की तथा दिल्ली व पंजाब पर हमले किए, मथुरा, वृंदावन तक लूटपाट की।

चौथे हमले की लूट को ले जाते अफगानों पर सिखों ने हमला कर काफी माल असबाब अपने कब्जे में कर लिया। गुस्साए अब्दाली ने पूरी ताकत से अमृतसर पर हमला कर श्री हरमंदिर साहिब को नष्ट कर स्वर्ण सरोवर को गायों की अंतड़ियों से भर दिया। सिख समाज के अपमान का बदला लेने के लिए बाबा दीप सिंह ने जोरदार हमला कर अब्दाली की सेना को तो भगा दिया पर खुद मारे गए। अब्दाली ने पांचवी बार हमला कर दुबारा हरमंदिर साहिब को नष्ट किया और पवित्र सरोवर सिखों के खून से लाल हो गया। सिखों ने फिर भी हार नहीं मानी और लौटती अफगान सेना पर जोरदार गुरिल्ला हमला कर बड़ी संख्या में दुश्मन सैनिकों को मार डाला। क्रुद्ध अहमद शाह अब्दाली ने 1762 में अपनी पूरी ताकत से हमला कर पंजाब की कोई 30 प्रतिशत आबादी को मार डाला जिसमें बच्चे, बुजुर्ग एवम् महिलाएं तक शामिल थे। सिख इतिहास में इसे बड़ा नरसंहार कहा गया है जिसमें गांव और शहर वीरान हो गए थे। स्वर्ण मंदिर को फिर से तबाह किया गया।


डॉ रामावतार शर्मा

अब्दाली के वापस जाते ही सिखों ने फिर से पंजाब पर कब्जा जमा लिया तो 1764 में अब्दाली ने लौट कर फिर श्री हरमंदिर साहिब को तोड़ दिया। सिखों ने फिर भी हार नहीं मानी और गुरिल्ला युद्ध जारी रखा जिससे परेशान अब्दाली ने 1766 में फिर से अमृतसर पर कब्जा कर लिया पर इस बार हरमंदिर साहिब की तरफ देखा तक नहीं क्योंकि उसने जान लिया था कि पवित्र मंदिर को तोड़ने फोड़ने से सिख एकता और साहस और ज्यादा मजबूत होते हैं।

**■ विचारक अलग-थलग पड़ गए हैं, हिंसा और उन्माद का प्रभुत्व स्थापित होता जा रहा है।**

अफगानिस्तान लौटने के चंद समय बाद कैंसर से अब्दाली की मौत हो गई और पंजाब में रणजीत सिंह का समय आने को तैयार होने लगा। अब्दाली के बाद अफगानिस्तान में कोई शासक लंबे समय नहीं टिक सका। एक कबीले के लोग अपने या दूसरे कबीले के लोगों को मार कर शासन पर कब्जा करने लगे, मरने लगे। उस समय की हिंसा आज तक नहीं थमी है।

उस समय यह अनुमान लगाया जा सकता है कि तकरीबन हर घर से कोई न कोई जवान अफगान युद्ध में मारा गया था। इसीलिए अब्दाली ने आखिरी लड़ाइयों को जिहाद का नाम दिया था जिससे लोग पागल होकर लड़ने लगे। लोग भी विचित्र होते हैं, धर्म का नाम आते ही बुद्धि गंवा बैठते हैं, वरना अब्दाली का भला धर्म से क्या लेना देना? वैसे भी सत्ताधारियों के लिए धर्म कोई यात्रा नहीं होती महज एक साधन है कि सिंहासन पर बने रहें। आम जन न अब्दाली के समय समझा था और ना अब समझेगा। यही कारण है कि सदियां बीत गई पर अफगानिस्तान में सुख चैन ने कदम नहीं रखा। शिक्षा, स्वास्थ्य, कला, संगीत आदि सब कुछ गायब हुए जमाना बीत गया। महंगाई कमर तोड़ रही है, भविष्य कहीं नजर आता नहीं।

अफगानिस्तान में कभी शांति होगी, अच्छे दिन आयेंगे ऐसा लगता नहीं है। जो सदियों से नहीं हुआ वो अब भला क्यों होगा? अब तो विचारक वर्ग वैसे ही हर सत्ताधारी की आंख का कंकड़ हैं तो किसी परिवर्तन का सूत्रधार कैसे सामने आ सकता है? आने वाले समय में तो अफगानिस्तान के अलावा अन्य कई देश इस हिंसक समूह में प्रविष्ट होने को आतुर दिखाई दे रहे हैं। चारों तरफ के माहौल को देखते हुए तो लगता है कि विश्व के कई देश अफगानिस्तान के रास्ते पर चलने लगे हैं। हर तरफ छोटे-छोटे गृहयुद्ध जारी हैं, विचारक अलग-थलग पड़ गए हैं, हिंसा और उन्माद का प्रभुत्व स्थापित होता जा रहा है। समय शायद अपना कोई विशिष्ट खेल खेल रहा है।

अफगानिस्तान की हिंसा बताती है कि धार्मिक हिंसा तेजी से मानसिक हिंसा में तब्दील हो जाती है और जहां हिंसा एक राजनीतिक हथियार के तौर पर काम में ली जानी लगती है वहां विकास नेपथ्य में चला जाता है और सहज मानवीय गुण विदा हो जाते है। आज अफगानी तालिबान को कोई दुश्मन नहीं मिलेगा तो वे महिलाओं को सताएंगे, जवान होते बच्चों पर अत्याचार करेंगे और विधर्मी नहीं मिले तो स्वधर्मियों को गोला बारूद से उड़ाएंगे। हिंसक स्वभाव से एक स्तर के बाद मुक्ति बहुत ज्यादा संभव नहीं है।

**–डॉ रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**


**मंडफिया, मध्य प्रदेश के राघोगढ़ विधायक एवं पूर्व मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के पुत्र जयवर्धन सिंह ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। विधायक जयवर्धन सिंह का मंदिर परंपरा के अनुसार उपरना, प्रसाद एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर मंदिर बोर्ड सदस्य भेरूलाल सोनी, ममतेश शर्मा, संजय कुमार मंडोवरा आदि उपस्थित थे।**

# आज चिड़ावा के 1400 घरों में एक साथ यज्ञ होगा

**चिड़ावा,** (निसं)। कस्बे में रविवार को एक इतिहास रचा जाएगा। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के आव्हान पर रविवार और सोमवार को देश के 25 लाख घरों में एक साथ गायत्री हवन करने का आव्हान किया गया था लेकिन इस हवन के बारे में ज्यों -ज्यों लोगों को जानकारी मिली।

कई लोगों ने खुद आगे बढकर इस आयोजन में हिस्सा बनने में दिलचस्पी दिखाई। जिसके चलते चिड़ावा कस्बे में जो 500 घरों में हवन का संकल्प लिया गया था वो भी करीब करीब तीन गुना बढ़ गया है। अब रविवार को सुबह 8 से 11 बजे के बीच चिड़ावा कस्बे में करीब 1400 घरों में हवन होगा।

आयोजन समिति के प्रवक्ता संदीप हिम्मतरामका ने बताया कि

**■ कस्बे में उत्साह का माहौल , 1400 घरों तक पहुंची हवन सामग्री**

चिड़ावा क्षेत्र में 111 किलो हवन सामग्री वितरित कर दी गई है। संदीप हिम्मतरामका और विद्याधर सोनी ने बताया कि घर-घर यज्ञ होने से वातावरण की शुद्धिकरण होगा। संदीप हिम्मतरामका और विद्याधर सोनी ने बताया कि पहले जिले में 11 हजार घरों में यह हवन करने का लक्ष्य लिया गया था। लेकिन जिस तरह लोगों का उत्साह देखने को मिल रहा है। यह भी लगभग दोगुना हो जाएगा और 20 हजार घरों में रविवार-सोमवार को हवन होंगे।

# सरकारों को मंदिर-मठों के अधिग्रहण का काई अधिकार नहीं: स्वामी निश्चलानंद महाराज

**पुष्कर,** (निसं)। स्वामी शंकराचार्य निश्चलानंद जी महाराज ने कहा कि मंदिरों का अधिग्रहण गलत है । उन्होंने संसार प्रसिद्ध जगत पिता ब्रह्मा मंदिर की खाली पड़ी गद्दी पर और सरकार द्वारा अधिग्रहण करने पर गहरी नाराजगी प्रकट की। उन्होंने कहा कि पुष्करवासी चुप क्यो है। आवाज क्यों नहीं उठाते। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भी भाजपा सरकार ने मंदिरों का अधिग्रहण किया था, लेकिन मैंने वहां पर विरोध किया और आवाज उठाई तो सरकार ने अधिग्रहण नहीं किया वहीं पुष्कर के अंदर भी सुना है कि भाजपा सरकार ने ब्रह्मामंदिर का अधिग्रहण किया तो कांग्रेस की सरकार इसको अधिग्रहण से मुक्त क्यों नहीं करती । पत्रकार वार्ता के दौरान सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा परम पूज्य शंकराचार्य जी से निवेदन कर आवाज उठाई गई कि श्री ब्रह्मा मंदिर महंत जी की गद्दी जो की आदि शंकराचार्य परंपरा से संबध है लगभग गत छह वर्षों से खाली पड़ी है और मंदिर पर गैर कानूनी रूप से अधिग्रहण कर कब्जा जमा लिया गया है। इस पर स्वामी जी ने उत्तराखंड भाजपा सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने भी मंदिर, मठों के प्रबंध को सरकार के अधीन कर लिया था। वहां भी मैने उसका पुर जोर यह कहते हुए विरोध किया कि धर्म निरपेक्ष सरकारों को कोई अधिकार नहीं होना चाहिए कि वे हिंदुओं के मठ, मंदिरों पर अपना अधिकार जमाएं। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने सनातन धर्म स्थापित करने के लिए शंकराचार्य जी के सानिध्य में घोषणा कर राष्ट्रीय व प्रादेशिक कार्यकारणी घोषित की गई ।

# सांभर से अजमेर की रोडवेज बसों का दो साल से नहीं हो रहा संचालन

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर से अजमेर रूट पर चलने वाली रोडवेज की बसों का दो साल से संचालन पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। इसकी वजह से सांभर-नरायना-दूदू वाया किशनगढ व अजमेर आने जाने वाले मुसाफिरों के लिये परेशानी हो रही है। बताया जा रहा है कि कुशल प्रबन्धन हेतु किसी योग्य कार्मिक को यहां पर नियुक्त नहीं किये जाने से रोडवेज को हर माह अच्छे राजस्व की प्राप्ति नहीं हो पा रही है।

कोरोना महामारी का प्रकोप खत्म होने व सरकार की ओर से पूर्व की भांति रोडवेज बसों का संचालन किये जाने के दिये गये निर्देश के बावजूद सांभर से अजमेर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अजमेर महाप्रबन्धक की ओर से इसके लिये प्रभावी कदम नहीं उठाये जा रहे है। बसों का संचालन बहाल नहीं किये जाने से लोगों के लिये इस रूट का सफर मजबूरन निजी बसों व जीपों की सहायता से करना पड़ रहा है। रोडवेज की बसें बंद होना निजी बस व जीप संचालकों के लिये जबरदस्त मुनाफे का सौदा साबित हो रहा है। अजमेर से श्रीमाधोपुर व वापसी में श्रीमाधोपुर से अजमेर वाया सांभर, नरायना, दूदू, किशनगढ एक मात्र बस रोडवेज की तरफ से चलायी जा रही है।

**■ नरायना, दूदू, किशनगढ़ से आने जाने वाले सैकड़ों मुसाफिर परेशान**

**■ अजमेर महाप्रबन्धक की ओर से इसके लिये प्रभावी कदम नहीं उठाये जा रहे है**

इस रूट पर रोडवेज की बसों का पुनः संचालन शुरू करवाये जाने की दिशा में अनेक दफा रोडवेज प्रशासन व सरकार के यातायात मंत्री को अवगत कराया जा चुका है लेकिन यहां नतीजा बेअसर ही रहा । लोगों का कहना है कि यहां के क्षेत्रीय विधायक व कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की ओर से जनता की इस समस्या को हल करवाने में कोई रूचि दिखायी नहीं दे रही है।

## राशिफल रविवार 15 मई, 2022


पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, स्वाती नक्षत्र दिन 3:35 तक, व्यतिपात योग प्रातः 9:48 तक, वणिज करण दिन 12:46 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-तुला, मंगल-कुम्भ, बुध-वृष, गुरू-मीन, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवि योग दिन 3:35 तक है। भद्रा प्रातः 7:12 से रात्रि 11:15 तक रहेगी। आज चान्द पूर्णिमा व्रत संक्रान्ति पूण्य काल पूर्वान्ह में है। व्यतिपात पूण्य छिन्दमस्ता जयन्ती और श्री आद्य शंकराचार्य कैलाश गमन है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:23 से 9:03 तक, लाभ-अमृत 9:03 से 12:23 तक, शुभ 7:03 से 3:43 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:43, सूर्यास्त 7:03

### मेष
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### वृष
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा।

### मिथुन
महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यक्तिगत के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

### कर्क
परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

### सिंह
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।

### कन्या
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### तुला
मनःस्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। मानसिक तनाव दूर होगा। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### वृश्चिक
धार्मिक कार्यों में धन खर्च हो सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। आज अनावश्यक धन खर्च होगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### धनु
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर
महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। महत्वपूर्ण आवश्यक कार्यों से संबंधित प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आज नये-पुराने मित्रों मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### कुंभ
धार्मिक कार्यों में आस्था बढ़ेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। शुभ कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### मीन
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक कारणों से परेशानी हो सकती है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

बीकानेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 43 संख्याः288 प्रभात बीकानेर, रविवार 15 मई, 2022 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 8 मूल्य 1.20 रू.


## रेणु जी का प्रेस पास रद्द

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 मई। राजस्थान के मुख्यमंत्री के अधीन कांग्रेस सबसे नीचे स्तर पर गिर गई है।

उदयपुर में चल रहे चिन्तन शिविर में मीडिया का संचालन कर रहे ए.आई.सी.सी. के मीडिया विभाग द्वारा इस संवाददाता को पास दिए जाने सं इंकार कर दिया गया।

इसकी जांच करने पर पता चला कि इस संवाददाता का नाम काटने और कार्यक्रम की कवरेज का पास जारी ना करने का निर्णय मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा लिया गया और इस निर्णय से ए.आई.सी.सी. के मीडिया चेयरमैन रणदीप सिंह सुरजेवाला को अवगत करवाया गया।

- **चर्चा है कि, यह निर्णय मु.मंत्री के कार्यालय ने लिया तथा ए.आई.सी.सी. के मीडिया विभाग के अध्यक्ष सुरजेवाला को इस नीच कार्यवाही के लिए मजबूर किया।**
- **रेणु जी दिल्ली से चिंतन शिविर कवर करने आयीं हैं तथा अब तक, गत तीस वर्ष से उन्होंने लगभग सभी ए.आई.सी.सी. के अधिवेशन, बैठकें, चिंतन शिविर तथा सभी प्रेस ब्रीफिंग्स लगातार कवर की हैं।**

इसके साथ ही मीडिया विभाग को यह निर्देश भी दिए गए कि इस संवाददाता को कोई रूम भी ना दिया जाए। यद्यपि इस सत्र की कवरेज के लिए दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों से आए मीडिया कर्मियों को होटल रॉयल रिट्रीट में कमरे आवंटित किए गए। यह होटल मीडिया के लिए आरक्षित रखा गया था। मजेदार बात यह है कि सुरजेवाला ने बिना कोई सवाल किए या इस संवाददाता का रूख जाने बिना मुख्यमंत्री की इच्छाओं का आंख मूंद कर पालन किया।

क्या ऐसा है कि यह आदमी बिल चुकाकर सर्वेसर्वा बना हुआ है और पार्टी तथा राज्य दोनों का मालिक बना हुआ है तथा अपनी खुद की सनक और कल्पनाओं को लेकर काम कर रहा है।

यह संवाददाता पिछले 30 वर्षों से करीब-करीब सभी ए.आई.सी.सी. सत्र, मीटिंग्स, चिन्तन शिविर, महत्वपूर्ण तथा रूटीन प्रैस ब्रीफिंग्स आदि कवर करती रही हैं। यह पहला मौका है, जबकि पार्टी ने अपनी उदार, जिओ और जीने दो की अप्रोच को त्यागकर एक फासिस्ट मॉडल अपना लिया है, जहां

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल व प्रियंका को आमने-सामने खड़ा करने का प्रयास

## आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राजनीतिक समिति की बैठक में प्रियंका को कांग्रेसाध्यक्ष बनाने की पैरवी की, क्योंकि राहुल दो साल से लगातार यह पद स्वीकार न करने पर अड़े हुए हैं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 मई। एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि "नव संकल्प शिविर" ("चिन्तन" शब्द छोड़ दिया गया है) के केन्द्र-बिन्दु राहुल गांधी, उनकी बॉडी लैंग्वेज से "एन्ग्री यंग मैन" की प्रतिमूर्ति लग रहे हैं।

वे उदासीन एव भावशून्य तथा असहज दिखाई दिये। उन्होंने न तो विचार-विमर्शों में भाग लिया तथा न प्रतिनिधियों के बीच ही गये। वे अलग-थलग बने रहे।

राजनैतिक समिति में प्रियंका गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने की माँग जोर पकड़ रही है तथा यह स्पष्ट हो गया है कि पार्टी विधिवत रूप से दो गुटों में बँटने की राह पर चल रही है तथा कांग्रेस पर इसका दीर्घकालीन प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष असर पड़ेगा, क्योंकि सोनिया गांधी राहुल को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने पर अडिग बनी हुई हैं।

- **दीपेन्दर हूडा व रंजीत रंजन ने भी इस मांग का समर्थन किया और कहा, प्रियंका गांधी को यू.पी. की जिम्मेवारी से मुक्त कर, राष्ट्रीय स्तर पर काम लेना चाहिये, क्योंकि, वे पूरे देश में लोकप्रिय हैं।**
- **इन दोनों का मत था, जब तक कांग्रेस में नेतृत्व के इस मुद्दे पर निर्णय नहीं होता, बाकी किसी और बात का महत्व नहीं।**
- **छत्तीसगढ़ के मु.मंत्री ने गहलोत पर कटाक्ष किया कि, उन्होंने अगर राहुल गांधी द्वारा प्रस्तावित योजनाओं को मन से क्रियान्वित किया होता तो भाजपा पर भारी दबाव बनता।**
- **राहुल गांधी द्वारा नियुक्त एन.एस.यू.आई. व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ पुराने कांग्रेसी नेता काफी बोले।**
- **जी-23 की, चुनाव समिति के स्थान पर पार्लियामैन्टरी बोर्ड के गठन की मांग भी संभवतया स्वीकार हो जायेगी।**

समझा जाता है कि आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राजनैतिक कमेटी में कहा कि पिछले दो साल से, राहुल गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने की कोशिशें की जा रही हैं लेकिन अगर वे अध्यक्ष बनने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, तो प्रियंका गांधी पार्टी अध्यक्ष बना दी जानी चाहिये क्योंकि वे पूरे देश में काफी लोकप्रिय हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह निर्णय नहीं लिया गया तो 2024 के आम चुनावों में कांग्रेस के लिये बहुत नुकसानदेह हो सकता है। उन्होंने यह बात सोनिया एवं प्रियंका गांधी की मौजूदगी में कहीं, हालांकि राहुल गांधी वहाँ नहीं थे। खड़गे ने उन्हें शान्त करने की कोशिश की लेकिन आचार्य प्रमोद ने उनकी अनसुनी कर दी तथा जो कुछ उन्हें कहना था, कहते रहे।

इसके बाद, इस बात को दीपेन्द्र हुडा तथा रंजीत रंजन ने भी दोहराया। रंजन ने कहा कि प्रियंका को उत्तर प्रदेश से मुक्त कर दिया जाना चाहिये तथा उनका उपयोग पूरे देश में पार्टी का प्रचार करने के लिये होना चाहिये क्योंकि वह पार्टी का सर्वाधिक लोकप्रिय चेहरा हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह मालूम होना बहुत जरूरी है कि पार्टी का नेता कौन है तथा जब तक इस प्रश्न पर स्थिति साफ नहीं होगी, तब तक अन्य किसी भी चीज का कोई खास, बल्कि कोई महत्व नहीं है। नेताओं ने कहा कि वे इस बिन्दु पर पूरी तरह सुस्पष्ट आश्वासन चाहते हैं कि अगला कांग्रेस अध्यक्ष कौन होगा तथा इस प्रश्न का भी साफ जवाब चाहिये कि राहुल गांधी इस पद को ग्रहण करने के लिये तैयार हैं या नहीं। इस बिन्दु पर सर्वसहमति थी कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कांग्रेस किसी भी नेता को दो से अधिक बार नहीं भेजेगी राज्यसभा

उदयपुर, 14 मई (कासं)। उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के चिंतन शिविर में संगठन की मजबूती और चुनाव की तैयारियों को लेकर कई अहम फैसले लिए जाने की उम्मीद है। इसमें से अहम प्रस्ताव राज्यसभा के कार्यकाल को सीमित करना भी है। कांग्रेस के चिंतन शिविर में एक नेता को दो से अधिक बार राज्यसभा नहीं भेजने पर भी चर्चा होनी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पैनल के समक्ष एक प्रस्ताव है कि किसी भी कांग्रेस नेता को राज्यसभा में दो से अधिक बार राज्यसभा में नहीं भेजा जाएगा, उसके बाद वे लोकसभा या विधानसभा चुनाव लड़ सकते है, लेकिन उनके नाम पर राज्यसभा में तीसरे कार्यकाल के लिए विचार नही किया जाना चाहिए। यह भी प्रस्ताव है कि भारतीय कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों का कार्यकाल पांच साल के लिए तय किया जाना चाहिए। इसके बाद तीन साल की कूलिंग अवधि होनी चाहिए। कार्यकाल पूरा होने के बाद पदाधिकारियों को इस्तीफा देना होगा या अन्य नेताओं के लिए अपना पद खाली करना होगा।

- **चिंतन शिविर में होगा निर्णय।**

## आगामी राज्यसभा चुनाव के बाद उच्च सदन में भाजपा की सीटें कम होंगी

### 10 जून को राज्यसभा की 57 सीटों के चुनाव होंगे, इनमें से 25 सीटें भाजपा के खाते की हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 मई। 10 जून को होने वाले राज्यसभा के द्विवर्षीय चुनावों के बाद, उच्च सदन में सत्तारूढ़ भाजपा के संख्या बल में कमी हो जायेगी। राज्यसभा की कुल 57 सीटों के लिये चुनाव होने हैं। भाजपा की 25 सीटें खाली हो रही हैं तथा वह इन सभी को नहीं जीत पायेगी।

- **इन 25 में से कई सीटें भाजपा के हाथ से निकल सकती हैं। पार्टी राजस्थान में 3-4 सीटें हार सकती है और आंध्र प्रदेश, जहां पिछली बार तीन सीट जीती थीं, में भी भाजपा को निराशा मिलेगी।**
- **उत्तर प्रदेश में अवश्य इसे सफलता मिल सकती है, जहां 11 सीटों पर चुनाव होगा, इनमें से 7-8 भाजपा जीत सकती है।**

वास्तविकता यह है कि भाजपा 3 या 4 सीटें राजस्थान में खोयेगी तथा आंध्र प्रदेश में भी वह उन 3 सीटों को नहीं जीत पायेगी, जो उसने पिछली बार जीती थीं। हाँ, उत्तर प्रदेश, जहाँ 11 सीटों के लिये चुनाव होने हैं, में उसकी सीटें बढ़ेगी क्योंकि भाजपा के नेतृत्व वाला नैशनल डेमोक्रेटिक अलायंस यहाँ 7 या 8 सीटें जीत लेगा, जबकि इस समय उसके पास इनमें से 5 सीटें हैं।

उत्तर प्रदेश से राज्यसभा में 31 सदस्य जाते हैं तथा इनका चुनाव उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य करते हैं। सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों में से 3 समाजवादी पार्टी के, 2 बसपा के तथा 1 सदस्य कांग्रेस पार्टी का है। इस समय उत्तर प्रदेश में बसपा एवं कांग्रेस के क्रमशः 1 तथा 2 विधायक ही हैं, अतः ये दोनों ही पार्टियाँ इस राज्यसभा चुनाव की दौड़ में नहीं हैं।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में कुल 403 निर्वाचित सदस्य हैं तथा इसलिये एक उम्मीदवार को जीतने के लिये कम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## स्थानीय नागरिकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में शिविर को लेकर उत्साह नहीं

### 'अगर चिंतन ही करना था तो शहर के मध्य पाण्डाल में भी किया जा सकता था। सात सितारा होटल में बैठकर "नवसंकल्प" लेने का प्रयास निरर्थक है'

उदयपुर, 14 मई (कासं)। उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के तीन दिवसीय नवसंकल्प चिंतन शिविर से पार्टी स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों में कोई उत्साह नहीं है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस का तीन दिवसीय चिंतन शिविर शुक्रवार से उदयपुर की सात सितारा होटल अरावली ताज में चल रहा है जहां सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित देश के 450 कांग्रेस के शीर्ष नेता पार्टी में प्राणवायु संचार करने के लिए मंथन कर रहे हैं, वहीं इतना बड़ा आयोजन होने के उपरान्त भी स्थानीय नागरिकों में उत्साह नहीं है। उनका मानना है कि ऐसे शिविरों से आमजन का कोई भला होने वाला नहीं। अगर चिंतन ही करना था तो शहर के मध्य पाण्डाल में भी किया जा सकता था। सात सितारा होटल में बैठकर "नवसंकल्प" लेने का प्रयास निरर्थक है। इससे पार्टी में नवचेतना का संचार होगा, यह सोचना भी बेमानी है। शिविर के माध्यम से आमजन के धन से नेताओं पर ऐश करने के आरोप भी लगाए जा रहे है। कुछ लोगों का मानना है कि शिविर को चिंतन का रूप दिया गया है। इसलिए आमजन को ऐसे शिविर से कोई उम्मीद भी नहीं है।

- **शिविर के माध्यम से आमजन के धन पर ऐश करने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं नेताओं पर। कुछ लोगों का मानना है कि, चिंतन का जो स्वरूप सामने आया है, उससे आमजन को चिंतन शिविर से कोई उम्मीद नहीं है।**

इधर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आयोजन से दूर रखे जाने के कारण उनमें भी निराशा है और उनमें शिविर को लेकर इतना उत्साह दिखाई नहीं दे रहा है। जो भी कार्यकर्ता वहां कार्य करते दिखाई दे रहे हैं, वे मात्र औपचारिकता कर रहे हे। आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था एक इवेंट कम्पनी को सौंपी गई जो सारी व्यवस्थाओं की देखरेख कर रही है। इससे स्थानीय कार्यकर्ताओं को कोई मौका नहीं मिल रहा है। इधर दूसरे दिन शिविर स्थल की सुरक्षा भी बढ़ा दी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'सैलून में टैक्नीशियनों द्वारा "हेयर ट्रांसप्लान्ट" करना गैरकानूनी'

## दिल्ली हाई कोर्ट ने यह आदेश देते हुए कहा कि, हेयर ट्रांसप्लान्ट सर्जरी केवल प्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा ही की जा सकती है

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 14 मई। दिल्ली हाई कोर्ट ने सैलूनों में "कॉस्मैटिक" या सौंदर्यशास्त्र संबंधी सर्जरी की सुविधा अवैध तरीके से प्रदान कराये जाने के संदर्भ में दिल्ली पुलिस कमिश्नर को आदेश दिये हैं कि वह इस अवैध धंधे पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्यवाही करे। अदालत ने प्रशिक्षित डॉक्टर की गैरमौजूदगी में "हेयर ट्रांसप्लान्ट" जैसी सर्जरी करने के अवैध धंधों पर रोक लगाने के लिए इस आदेश की एक-एक प्रति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, दिल्ली स्वास्थ्य विभाग, नैशनल मैडिकल कमीशन और दिल्ली पुलिस को भी भेजी है और कहा है कि वे इस मामले की अगली तारीख, 27 जुलाई, से पहले वस्तुस्थिति की रिपोर्ट पेश करें।


इस मामले में न्यायाधीश अनूप कुमार मैन्दीरत्ता ने अज़हर रशीद की ओर से, संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत दायर "क्रिमिनल रिट" याचिका, पर सुनवाई करते हुए आदेश दिये।

- **दिल्ली हाई कोर्ट के समक्ष यह मुकदमा तब आया जब सैलून में "हेयर ट्रांसप्लान्ट" कराने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। यह "हेयर ट्रांसप्लान्ट" सैलून में कार्यरत "टैक्नीशियनों" ने किया था।**
- **इस मामले में सैलून के संचालक और एक टैक्नीशियन को गिरफ्तार कर लिया गया है।**

इस मामले में याचिकाकर्ता अज़हर रशीद के भाई अथार रशीद की "यूनाइटेड हेयर स्टूडियो" नामक सैलून में "हेयर ट्रांसप्लान्ट" कराने के बाद हुए संक्रमण से 26 जून 2021 को मौत हो गई थी। याचिकाकर्ता ने इस मामले में पहले पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी, परन्तु फिर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिसके बाद तंग आकर उसने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और इस मामले की जांच सी.बी.आई. से कराने की गुहार की।

इस मामले की सुनवाई के दौरान सामने आया कि "एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सैन्टर" में अथार रशीद को मृत्यु से पहले इलाज के लिए भर्ती किया गया था। और इस "इंस्टीट्यूट" ने ही अथार रशीद की मृत्यु का कारण "सैप्टिक शॉक" (यानी भारी संक्रमण) के साथ-साथ त्वचा के गंभीर असाधारण विकार, "स्टीवन्स जॉनसन सिन्ड्रोम", रिकॉर्ड किया था, जिसके कारण मरीज अथार रशीद शरीर के सारे अंगों ने कार्य करना बंद कर दिया था। अदालत ने अपने आदेश में आगे कहा है कि "यूनाइटेड हेयर स्टूडियो" के संचालकों को हिरासत में ले लिया गया है। अदालत ने अपने आदेश में आगे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह से फेल रही मोदी सरकार: चिदंबरम

## कांग्रेस नेता चिदंबरम ने आर्थिक मसलों पर बोला मोदी सरकार पर हमला




चिंतन शिविर के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम मीडिया से मुखातिब हुए।

- चिंदबरम ने गेहूं के निर्यात पर रोक लगाने के फैसले का भी विरोध किया
- जीएसटी को सही तरीके से लागू नही करने पर गरीबी व बेरोजगारी बढ़ी

**उदयपुर, (कासं)।** केंद्र सरकार की आर्थिक पॉलिसी का नतीजा है कि गरीबी और बेरोजगारी बढ़ रही है। यह सरकार गरीब, किसान और युवाओं की विरोधी सरकार है। देश की इकोनॉमी पॉलिसी को पूरी तरह से रिसेट करने की जरूरत है।

उक्त विचार कांग्रेस नवसंकल्प चिंतन शिविर के दूसरे दिन शनिवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिंदबरम ने मीडिया के समक्ष व्यक्त किये। उन्होंने केंद्र में सत्तासीन भाजपा सरकार पर आर्थिकनीतियों को लेकर जम कर प्रहार किये। उन्होंने यह माना है कि आर्थिक मसालों को देश की जनता के सामने ठीक ढ ंग से नहीं रख पाए हैं। चिंदबरम ने गेहूं के निर्यात पर रोक लगाने के सरकार के फैसले का भी विरोध किया।

चिंतन शिविर में आर्थिक मसलों की कमेटी के कन्वीनजर पी. चिंदबरम ने कहा कि जीएसटी को ठीक ढ ंग से लागू नहीं किया गया है। जीएसटी का कंपंसेशन पीरियड 30 जून को खत्म हो रहा है। सरकार को उसको तीन साल एक्सटेंड करनेजा रही है। इस पर बहस होनी चाहिए। इसके बाद ही इस पर निर्णय किया जाना चाहिए कि यह लोगों के हित में रहेगा या नहीं? उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जीएसटी में राज्य का हिस्सा नहीं लौटा रहा है। इससे राज्य सरकारों का केंद्र सरकार से भरोसा उठ गया है। खासतौर पर गैर भाजपा सरकारों को और परेशान किया जा रहा है।

पेट्रोल-डीजल और गैस पर चिदंबरम ने कहा कि महंगाई की वजह यूक्रेन व रूस के बीच युद्ध को बताया जा रहा है। इसमें हमारा मानना है कि युद्ध अचानक से चालू नहीं हुआ है। कई दिनों से दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति थी, तभी हमें महंगाई को नियंत्रण करने की तैयारी करनी थी जो नहीं की गई।

चिदंबरम से जब सवाल पूछा गया कि आपकी सरकार के समय भी डॉलर के मुकाबले रुपया गिरा था और पीएम मोदी ने उसका विरोध किया था, इसके जवाब में चिदंबरम ने कहा कि उस वक्त रुपया इतना नहीं गिरा था जो हालत अब हो रहे हैं। उस वक्त भाजपा नेताओं ने गलत बयान दिए थे। इसमें उन्होंने सुषमा स्वराज का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि रुपए की गिरने की वजह दो ही हो सकती है। हमारे यहां प्रॉडक्शन कम हो रहा है और निर्यात घट रहा है।

चिदंबरम ने कहा कि शिविर आर्थिक मसालों की कमेटी में किसी तरह को मेनिफेस्टो तैयार नहीं हो रहा है, लेकिन हम इस बात पर मंथन कर रह हैं कि देश के आर्थिक मुद्दे क्या हैं? लोगों को उनसे भटकाया जा रहा है। उन्होंने कहा 5 प्रतिशत महिलाओं में खून की कमी है। हजारों बच्चों की कुपोषण से मौत हो रही है। दस प्रतिशत लोग भूखमरी झेल रहे हैं। इन पर डिबेट नहीं हो रही है। डिबेट हो रही है लाउड स्पीकर पर, हलाल और झटका मीट पर। हम नफरत और ध्रुवीकरण की राजनीति का विरोध करते हैं। ज्ञानवापी सर्वे के सवाल पर चिदंबरम ने कहा कि देश में पुरातत्व संरक्षण कानून बनाना है, उसके लिहाज से जो पुरा संपदा है, उसको छेड़ने या बदलने की जरूरत नहीं है। नरसिम्हा राव सरकार ने रामजन्म भूमि को छोड़कर इस बात को सुनिश्चित किया था।

कांग्रेस बेरोजगारी का मुद्दा उठा रही है, उसके पास क्या प्लान है, पर चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस के 2019 के मेनिफेस्टो में कहा था हम सरकार में आए तो केंद्र सरकार की 30 लाख खाली पदों को भरेंगे। आज 2022 चल रहा है, केंद्र में मोदी सरकार ने इन पदों को भरा नहीं है बल्कि और पद खाली हो गए हैं।

# परीक्षार्थियों के लिए उदयपुर-जयपुर परीक्षा स्पेशल रेल का संचालन


## जयपुर से यह ट्रेन आज सुबह 9.10 बजे रवाना होगी

**उदयपुर, (कासं)।** पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के मद्देनजर परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु रेल प्रशासन द्वारा उदयपुर-जयपुर-उदयपुर एग्जाम स्पेशल गाडी का संचालन किया जा रहा है। इस गाडी के सभी कोच अनारक्षित होंगे।

रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार गाडी संख्या 09611 उदयपुर -जयपुर परीक्षा स्पेशल उदयपुर से 14 मई यानी आज रात 11 बजकर 50 मिनट (23.50) बजे रवाना होकर 15 मई को सुबह 7.50 बजे जयपुर पहुंचेगी। भीलवाड़ा में इस गाडी का आगमन समय 15 मई को 3 बजे व प्रस्थान 03.02 बजे होगा। अजमेर में इस गाडी का आगमन समय 5.15 बजे और प्रस्थान 5.25 बजे निर्धारित किया गया है।

इसी प्रकार गाडी संख्या 09612 जयपुर-उदयपुर परीक्षा स्पेशल जयपुर से 15 मई को जयपुर से 9.10 बजे रवाना होकर 18.25 बजे उदयपुर स्टेशन पहुंचेगी। इस गाडी का अजमेर में 15 मई को आगमन 11.25 बजे और प्रस्थान 11.35 बजे होगा जबकि भीलवाड़ा में इस गाडी का आगमन समय 13.48 बजे और 13.50 बजे निर्धारित किया गया है। मार्ग में यह गाडी राणा प्रताप नगर, मावली जंक्शन, चंदेरिया, भीलवाड़ा, मांडल, विजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा स्टेशन पर ठहराव करेगी। इस गाडी में 8 सामान्य को सहित कुल 10 कोच होंगे।

# मिर्जापुर पंचायत के खेडली में अचानक लगी आग से एक दर्जन पशुओं की मौत



मिर्जापुर ग्राम पंचायत के खेड़ली लगी आग ग्रामीणों की मदद से बुझाई।

- टीनशेड, कच्चे छप्परपोश, चारा आदि जलकर नष्ट
- सात परिवारों को हुआ नुकसान, सरपंच व वार्ड पंच ने लिया जायजा

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड की मिर्जापुर ग्राम पंचायत के खेडली में शनिवार को दोपहर अचानक हुए अग्निकांड में स्थानीय रामकिशोर लालाराम घनश्याम कमलेश कैलाश उखुम राज विश्राम कुमार आदि सात परिवारों के पशुधन एवं वहां रखे पशुओं के चारे समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। अज्ञात कारणों से हुए इस अग्निकांड में 7 परिवारों के टीन शेड कच्चे छप्पर पोश आदि में बंधे करीब एक दर्जन दुधारू पशुओं की अग्निकांड में जलने से मौत हो गई एवं अन्य कई पशु अग्निकांड की दहक से जल कर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही पटवार संघ जिला अध्यक्ष सीताराम मीणा समेत राजस्व कर्मी अग्निकांड वाली जगह घटनास्थल पर पहुंचे एवं अज्ञात कारणों से हुई अग्निकांड में हुए नुकसान का आकलन किया। पटवार संघ अध्यक्ष मीणा ने बताया कि घटनास्थल पर बंदे करीब एक दर्जन पशु गाय भैंस व बछड़े आदि की जलने से मौके पर ही मौत हो गई एवं मौके पर इन पशुधन के लिए रखा चारा भी जलकर तबाह हो गया। अग्निकांड की सूचना पर नगर परेल लालसोट के अग्निशमन वाहन ने आग को पानी की बौछार से कब किया गया लेकिन अग्निकांड की भयावहता इतनी तेज थी कि अग्निशमन वाहन पहुंचने से पहले ही वहां सब कुछ जलकर नष्ट हो गया। इस दौरान सरपंच सांवली देवी वार्ड पंच मुकेश मीना सहित राजस्व कर्मी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# फर्जी हथियार व लाइसेंस बनाने के मामले में चार जने गिरफ्तार

- नागालैंड से हुई गिरफ्तारी बीकानेर डीएसटी व एसओजी टीम ने की कार्रवाई

**बीकानेर, (निसं)।** नागालैंड से फर्जी हथियार लाइसेंस बनाने के मामले में बीकानेर डीएसटी व एसओजी ने बीकानेर के चार जनों को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार मामले में बीकानेर के वार्ड संख्या 66, कोटगेट थाना क्षेत्र निवासी 38 वर्षीय कमल किशोर भाटी पुत्र बृजमोहन भाटी, वार्ड संख्या 3, सर्वोदय बस्ती, नयाशहर थाना क्षेत्र निवासी 35 वर्षीय नवल सिंह राजपूत पुत्र देवी सिंह, चुरू हाल वार्ड नंबर 3 सर्वोदय बस्ती, नयाशहर थाना क्षेत्र निवासी 40 वर्षीय जुगल किशोर पुत्र अर्जुन सिंह राजपूत व रामपुरा बेरी थाना हमीरवास चुरू हाल वार्ड नंबर 3, सर्वोदय बस्ती, नयाशहर थाना क्षेत्र निवासी 40 वर्षीय बृजेन्द्र सिंह शेखावत पुत्र लोन सिंह को एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से चार फर्जी आर्म्स लाइसेंस भी बरामद किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक उदयपुर के सुखेर थाने में 2017 में दर्ज मुकदमे ये आरोपी वांछित चल रहे थे।

मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 2017 में बीकानेर के नयाशहर थाने में जस्सूसर गेट निवासी जुगल राठी पुत्र बालकिशन राठी सहित 4-5 के खिलाफ नागालैंड से फर्जी हथियार लाइसेंस बनाने के मामले में नामजद मुकदमा दर्ज हुआ था। उस समय उदयपुर पुलिस द्वारा की गई जांच में बीकानेर के कई लोगों के नाम आए। जिसके बाद तत्कालीन पुलिस परामर्श एवं सहायता केंद्र के एएसपी सुरेंद्र सिंह ने जुगल राठी सहित अन्य के खिलाफ फर्जी हथियार बनाने के मामले में मुकदमा दर्ज करवाया गया। उस मामले की जांच कुछ माह पहले एसओजी में गई थी।

# मंत्री सालेह मोहम्मद सड़क हादसे में बाल-बाल बचे

**जोधपुर/पोकरण, (कासं)।** मंत्री सालेह मोहम्मद शनिवार सुबह जोधपुर के पास एक सडक़ हादसे में बाल-बाल बच गए। जोधपुर से पोकरण जाते समय केरू गांव के करीब उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में उनके गनमैन व ड्राइवर को हल्की चोट आई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और बाद में उन्हें दूसरी कार से पोकरण रवाना किया गया।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि सालेह मोहम्मद आज सुबह अपनी कार में जोधपुर से पोकरण के लिए रवाना हुए। जोधपुर से करीब बीस किलोमीटर की दूरी पर केरू फांटे के समीप उनकी कार गलत दिशा से आ रहे घरेलू गैस सिलेंडर से लदे एक ट्रक से जा टकराई। गनीमत यह रही कि टक्कर आमने-सामने नहीं हुई। साइड से उनकी कार ट्रक से टकराई। इससे कार का अगला हिस्सा क्षितग्रस्त हो गया, लेकिन अंदर बैठे सालेह मोहम्मद को कोई चोट नहीं लगी।

सालेह मोहम्मद ने बताया कि वे एकदम ठीक हैं। ट्रक ड्राइवर गलत दिशा से सड़क पर आ गया था। इस कारण हादसा हो गया। गाड़ी क्षतिग्रस्त होने के बाद मंत्री अपनी निजी गाडी से फतेह मंजिल, नगर पालिका पोकरण, दानासर, प्रभुपूरा, मानासर, फलसूंड सहित क्षेत्र के अन्य ग्रामीण अंचलों में जाकर आमजन से रूबरू हुए।

# एएसआई भर्ती में सलेक्शन का झांसा देकर 40 लाख रुपये ठगे

**डूंगरपुर, (निसं)।** उधार लिए 20 लाख रुपए के बदले एएसआई भर्ती में सलेक्शन करवाने का झांसा देकर 40 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। कोचिंग संचालकों के झांसे में आकर व्यापारियों ने बेटे-भतीजे का सलेक्शन करवाने के लिए 20 लाख रुपए और दे दिए। बेटे-भतीजे का सलेक्शन नहीं होने पर व्यापारी ने उनसे रुपए वापस मांगे तो उन्होंने रुपए नहीं लौटाए और फोन बंद कर लिया। व्यापारी कोचिंग संचालकों के ऑफिस पहुंचे तो ऑफिस बंद मिला। पीड़ित की रिपोर्ट पर बिछीवाड़ा पुलिस ने दोनों कोचिंग संचालकों के खिलाफ धोखाधडी का केस दर्ज कर लिया।

थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि फर्नीचर व्यापारी पोपटलाल पुत्र चुन्नीलाल कलाल और किराणा व्यापारी शांतिलाल पुत्र केदारलाल कलाल निवासी बिछीवाडा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि नरेंद्र सोनावत निवासी प्रत्यक्ष क्लासेज सेवाश्रम उदयपुर से उसकी पुरानी जान पहचान है। नरेंद्र ने अनिल भूरिया पुत्र भरतसिंह मेघवाल निवासी कुहाडदास बुहाना (झुंझनूं) से उसकी पहचान करवाई। अनिल भूरिया ने फील्ड मार्शल डिफेंस एकेडमी ट्रस्ट चलाने की बात कही, जिसके बांसवाडा समेत राजस्थान में सेंटर होने की बात कही। अनिल भूरिया नवंबर 2018 में उनकी दुकान पर आया और 20 लाख रुपए की जरूरत बताई और उधार मांगा। आरोपी ने सलेक्शन के नाम पर 20 लाख रुपये और ले लिये। पीडित ने बताया कि 26 अगस्त 2019 को एएसआई भर्ती का रिजल्ट आने पर पोपटलाल के बेटे मनीष और शांतिलाल के भतीजे कपिल का सलेक्शन नहीं हुआ। इस पर पोपटलाल और शांतिलाल ने कोचिंग संचालकों से रुपए वापस मांगे। आरोपियों ने रुपए नहीं लौटाए और फोन बंद कर दिए। इसके बाद दोनों व्यापारी डिफेंस एकेडमी के ऑफिस भी गए, जहां ऑफिस बंद मिला।



**करौली।** पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में रोडवेज बसों की दूसरे दिन भी अव्यवस्था रहने से परीक्षार्थियों को बसों की छतों पर बैठकर सफर करने के लिए मजबूर होना पड़ा। परीक्षा पुलिस और प्रशासन की माकूल व्यवस्था के चलते शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा दूसरे दिन शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित तीन परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में आयोजित हुई। एसपी शैलेंद्र सिंह इंदौलिया ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

# झारखंड से लाया गया 90 लाख का 30 क्विंटल डोडा पोस्त पकड़ा

- ग्रामीण पुलिस ने ट्रक चालक सहित दो गिरफ्तार किया

**जोधपुर, (कासं)।** जिले में अब झारखंड से डोडा पोस्त की तस्करी होने लगी है। शनिवार को ग्रामीण पुलिस ने एक ट्रक पर रखे कंटेनर से तीस क्विंटल डोडा पोस्त बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बरामद किए गए डोडा पोस्त का बाजार मूल्य करीब नब्बे लाख रुपए माना जा रहा है।

ग्रामीण एसपी अनिल कयाल ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि फलोदी-बाप क्षेत्र में बड़ी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त की सप्लाई होने वाली है। फलोदी थानाधिकारी राकेश ख्यालिया की तरफ से की जा रही नाकाबंदी के दौरान ग्राम जोड़ व ग्राम हिडालगोल के बीच सनाम होटल पंजाबी ढाबा मादक के आगे ट्रक कन्टेनर बरामद किया जाकर तलाशी ली गई। तो उसमें कुल 30.50 क्विंटल अवैध डोडा पोस्त बरामद किया गया। ट्रक कन्टेनर चालक हनुमानगढ़ निवासी दीपचंद पुत्र महेन्द्रसिह जाट व रतलाम निवासी परिचालक कमलेश सुथार पुत्र कालूलाल को गिरफतार कर अवैध डोडा पोस्त परिवहन मे प्रयुक्त वाहन ट्रक कन्टेनर को जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार चालक दीपचंद इस ट्रक का मालिक भी है।

दीपचंद व कमलेश सुथार से अवैध डोडा पोस्त सप्लायर एवं तस्करी नेटवर्क के बारे मे गहनता पूर्वक मनोवैज्ञानिक तरिको से पूछताछ एवं अनुसंधान किया जा रहा है। प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि उक्त अवैध डोडा पोस्त झारखण्ड से भरा जाकर लोहावट-फलोदी हल्का क्षेत्र में स्थानीय तस्कर इलियास व अन्य तस्करों को तस्करी के लिए लाया गया था।

# चूरू में सड़कों पर पानी का छिड़काव करवाया



चूरू में सभापति पायल सैनी के निर्देशन में सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया।

**चूरू, (कासं)।** चूरू में सभापति पायल सैनी ने सड़कों पर पानी का छिड़काव करवाया है। यहां नगरपरिषद् सभापति पायल सैनी ने बताया कि चूरू जिले में इन दिनों झुलसाने वाली गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस भीषण झुलसाने वाले गर्मी को देखते हुए चूरू शहर के मुख्य मार्ग कलेक्ट्रेट से धर्मस्तूप, धर्मस्तुप से गढ चौराह होते हुए सफेद घटांघर से सुभाष चौक, सुभाष चौक से बहड़ सर्किल, बहड़ सर्किल से कलेक्ट्रेट तक की मुख्य सड़कों पर नगरपरिषद् के अग्निश्मन वाहनों से पानी का छिड़काव करवाया गया। मौसम विभाग के अनुसार चूरू में शनिवार को अधिकतम तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।

# चूरू: 100 मैट्रिक टन से अधिक पशुचारे का नहीं कर सकेंगे भंडारण

**चूरू, (कासं)।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ सिहाग ने पशु चारे की अधिक कीमत एवं कम उपलब्धता को देखते हुए 100 मैट्रिक टन से अधिक चारे के भंडारण पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि पशु चारे की अत्यधिक कीमत एवं कम उपलब्धता के कारण आमजन को पशु चारे को उच्च भावों पर खरीदने लिए मजबूर होना पड़ रहा है एवं उपलब्धता पर भी असर पड़ रहा है। इसका एक मुख्य कारण व्यापारियों स्टॉकिस्ट द्वारा चारे का बड़े स्तर पर भण्डारण कर आमजन के लिए उपलब्ध नहीं करवाना पाया गया है।

उन्होंने बताया कि आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा पशु चारा भण्डारण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा.निर्देश जारी किये गये हैं। गौशालाओं को छोड़कर चारे का व्यवसाय करने वाले व्यापारी 100 मैट्रिक टन से अधिक पशु चारे का भण्डारण नहीं कर सकेंगे। इसलिए चूरू जिले में आमजन के पशुओं, पशुपालकों तथा गौशालाओं में संधारित गौवंश के संरक्षण एवं आवश्यकता के मध्यनजर यह आदेश जारी किया गया है।

# पेयजल समस्या को लेकर चालीस महिलाएं पानी की टंकी पर चढ़ीं

## दो घंटे तक अधिकारियों की समझाइश के बाद नीचे उतरीं



एनईबी एक्सटेंशन के एक बटा की महिलाएं टंकी पर चढ़ गईं।

**अलवर, (निसं)।** अलवर शहर के कई इलाके भयंकर जलसंकट से जूझ रहे हैं। शहर के एनईबी एक्सटेंशन के एक बटा में हालात ज्यादा खराब है। पानी की समस्या से परेशान होकर शनिवार सुबह 40 महिलाएं पानी की टंकी पर जा बैठीं। महिलाओं का कहना है कि घरों में पानी नहीं आ रहा। परेशान होकर टंकी पर चढे हैं। जब पानी मिलेगा तभी नीचे आएंगे। उधर, प्रशासन ने तुरंत टीम लगाकर आवश्यक कार्य कराने का आश्वासन दिया है। महिलाओं को करीब दो घंटे तक अधिकारी समझाते रहे। इसके बाद महिलाएं टंकी से नीचे उतर गईं।

महिलाओं ने कहा कि एनईबी एक्सटेंशन के एक बटा में बोर लगना चाहिए। तीन साल से घूम रहे हैं। कलक्टर से लेकर जेईएन तक गए हैं। कोई सुनवाई नहीं हो रही। बिजली व पानी की बिल अनावश्यक भर रहे हैं। इलाके की आबादी करीब ढाई हजार की है। पानी के लिए वैकल्पिक की है। कोई मोहल्ले में सरकारी बोरवेल से पानी का इंतजाम हो रहा है तो कुछ लोग टैंकर के भरोसे हैं।

एक बटा में 250 मकान हैं। जिनमें से करीब 75 घरों में पानी की समस्या है। फ्लोराइड के कारण खारा पानी आता है। इसे लेकर आज मोहल्ले की रशीदा, सुनीता, शकुंतला, सुनीता, मंजू नरूका आदि महिलाएं टंकी पर जा बैठी।

एनईबी एक्सटेंशन के दो बटा में कुल 300 घर हैं। यहां करीब 43 घरों में पानी नहीं आ रहा है। लाइन करीब 1 साल से चॉक है। ज्यादातर लोग टैंकर से पानी मंगा रहे हैं। पार्षद हेतराम ने बताया कि एक साल में विधायक से लेकर कलेक्टर को अवगत कराया जा चुका है। यह आवासन मंडल की कॉलोनी है। आवासन मंडल से 3 बोरवैल करने के पैसा पीएचईडी ने ले रखा है लेकिन, अब तक बोरवैल नहीं किए हैं। महिलाओं ने कहा कि 3 साल से चक्कर काट रहे हैं। पानी की समस्या विकराल हो गई है।

अधिकारी व कर्मचारी बस आश्वासन देते रहते हैं। हमारे वार्ड में बोर लगाने की जरूरत है। प्रशासन सुध नहीं ले रहा है केवल आश्वासन देकर भूल जाते हैं। एसई, विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष से बात की है। सब अधिकारी व जनप्रतिनिधि आश्वासन देते रहे हैं। कोई समाधान नहीं निकला है। अब आज भी टीम भेजकर आवश्यक कार्य कराने का आश्वासन दिया गया है।

# आपदा प्रबंधन मंत्री ने जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

**बीकानेर,** (कासं)। आपदा प्रबंधन मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने शनिवार को 507 हैड पर जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

जन सुनवाई के दौरान तखतपुरा, भांडसर, खारबारा, लाखनसर, कृष्णनगर, संसारदेसर, रानेर, शेरपुरा, रामनगर, दामोलाई, महादेववाली, सादोलाई, छतरगढ़, मोतीगढ़ , सत्तासर सहित आस-पास के गांव चक एवं ढाणियों के ग्रामीणों ने बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं रखी।

इस दौरान लाखनसर के ग्रामीणों ने गांव में पेयजल की समस्या, ग्राम पंचायत महादेववाली में पशु चिकित्सालय खोलने, 559 आर डी से अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण करने, तखतपुरा गांव के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में रिक्त पदों पर अध्यापक नियुक्त करने की मांग की। मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश दिये।

इस अवसर पर भूदान बोर्ड के अध्यक्ष लक्ष्मण कड़वासरा ने भी भूदान से संबंधित समस्याएं सुनी। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष नंदराम जाखड़ तथा सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में ग्रामीणों ने भूदान बोर्ड में लम्बित किसानों के प्रकरणों को अति शीघ्र निपटाने तथा छतरगढ़ कस्बे के पट्टा बनाने सहित अनेक समस्याओं के बारे में बोर्ड अध्यक्ष को अवगत करवाया गया। कड़वासरा ने कहा कि किसी भी कार्य में कोई कोताही नहीं बरती जायेगी तथा लम्बित सभी प्रकरणों का अति शीघ्र निस्तारण किया जायेगा।



आपदा प्रबंधन मंत्री गोविन्द राम मेघवाल ने शनिवार को 507 हैड पर जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

- ग्रामीणों ने बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया
- भूदान बोर्ड के अध्यक्ष ने भी भूदान से संबंधित समस्याएं सुनी

इस अवसर पर महादेववाली सरपंच मनसा राम सियाग, व्यापार मंडल के अध्यक्ष छतरगढ़ के नंदराम जाखड़, मोतीगढ़ सरपंच रामसिंह, सत्तासर सरपंच बरकत अली, सद्दाम हुसैन, सरपंच जियाराम, रामलाल, पूर्णाराम, सुगनाराम मूंड, अख्तर हुसैन, नजीर खान, पूनमचंद, क्यामुद्दीन परिहार, बाबूलाल राजासर, मनसाराम सियाग, रामसिंह, महावीर बेनीवाल, पूर्णाराम थालोड, रेवत कड़ेला, मामराज सारण, मुरलीधर मोदी, छगन मेघवाल, हसन मौलवी सहित छतरगढ़ उपखंड अधिकारी सीता शर्मा, तहसीलदार कुलदीप सिंह, विद्युत विभाग के कार्यवाहक सहायक अभियंता धीरेन्द्र धवन, कनिष्ठ अभियंता लव कुमार, थानाधिकारी जयकुमार भादू, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता आदित्य श्रीमाली सहित अनेक विभाग के अधिकारी और कर्मचारी गण मौजूद थे।

**बीसीआर दरों में संशोधन के लिए ज्ञापन सौंपा :** पूगल पंचायत समिति के सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष बरकत अली के नेतृत्व में मंत्री गोविंद राम मेघवाल को बीसीआर दरों में संशोधन के लिए ज्ञापन सौंपा गया। मेघवाल ने सरपंचों को बीसीआर दरों में नियम सम्मत स्कारात्मक कार्यवाही का विश्वास दिलाया। इस दौरान सत्तासर सरपंच बरकत अली, मोतीगढ़ सरपंच रामसिंह, महादेवावाली सरपंच मंसाराम, शंकराला सरपंच मोडाराम, अमरपुरा सरपंच मुरलीधर मोदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष नंदराम जाखड़, सद्दाम हुसैन रामलाल नायक नजीर खान, सादोलाई से पूनमचंद सहित अनेक सरपंचगण मौजूद थे।

**टीसी भूमि की खातेदारी की मांग :** सूरतगढ़ पेराफेरी में आई भूमि का मुआवजा और टीसी भूमि का खातेदारी अधिकार देने की मांग को लेकर टीसी पेराफेरी किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारी और किसानों ने पूर्व विधायक राजेन्द्र भादू के नेतृत्व में सूरतगढ़ के एडीएम से मुलाकात कर ज्ञापन दिया।

किसानों की पीड़ा थी कि इस संबंध में प्रशासन ढुलमुल कार्रवाई अपना रहा है। इस पर एडीएम अरविंद जाखड़ ने मौके पर ही नायब तहसीलदार और एसडीएम को तलब करते हुए फाइलों की प्रगति रिपोर्ट ली। एसडीम कपिल यादव ने बताया कि उनके पास 72 प्रकरण आये हुए थे। इनमें से 69 फाइलों की रिपोर्ट बनाकर जिला मुख्यालय भिजवा दिया गया है। 2 फाइलें शेष रही है वे भी जल्द भेज दी जायेगी। इसके बाद एडीएम ने किसान नेताओं से समझाइश करते हुए कहा कि इन दो फाइलों को भी जल्द पूरा करवाकर भिजवा दिया जायेगा।

## टोल कर्मी 3.50 लाख रुपये लेकर फरार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के चूनावढ़ थाना क्षेत्र में एक टोल प्लाजा का कर्मचारी कलेक्शन के साढ़े तीन लाख रुपये लेकर फरार हो गया। कर्मचारी करीब चार साल से टोल कंपनी से जुड़ा हुआ था।

करीब बीस दिन पहले उसे एनएच 62 के गांव छह एमएल टोल प्लाजा पर लगाया गया था। इस टोल प्लाजा पर ज्वाइन करने के बाद से वह कैश कलेक्शन का काम देख रहा था। केवल बीस दिन काम करने के बाद शुक्रवार को वह ड्यूटी पर नहीं आया। उसके पास करीब साढ़े तीन लाख रुपये कैश था। कुछ देर इंतजार के बाद टोल मैनेजर को शक हुआ तो उसने उसके फोन पर संपर्क किया। इस पर यह स्विच ऑफ मिला। फोन से संपर्क नहीं होने पर टोल मैनेजर ने आरोपी के खिलाफ चूनावढ़ थाने में मामला दर्ज करवा दिया।

छह एमएल टोल प्लाजा के मैनेजर अजमेर के विजयनगर निवासी लोकेंद्र सिंह पुत्र अमर सिंह की ओर से दर्ज मामले में कहा गया कि महाराष्ट्र के कुलहास नगर थाना के शांतिनगर निवासी सूरज लक्ष्मीनारायण पिछले करीब तीन-चार साल से उनकी टोल कंपनी से जुड़ा हुआ था। उसे 25 अप्रैल को ही अन्य टोल प्लाजा से हटाकर छह एमएल टोल प्लाजा पर लगाया गया था। वह ड्यूटी पर नहीं आया। उसके पास टोल कलैक्शन के करीब साढ़े तीन लाख रुपये थे। इस पर टोल मैनेजर ने उसके फोन पर संपर्क किया तो स्विच ऑफ मिला। टोल मैनेजर ने स्थानीय जान पहचान वालों से संपर्क किया लेकिन जब उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली।

## सार-समाचार

### दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत



**बीकानेर,** (कासं)। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल शनिवार को बीकानेर पहुंचे। गोयल यहां एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिये आये हैं। उनका रेलवे स्टेशन पर आम आदमी पार्टी पदाधिकारियों पुनीत ढाल, सरपंच एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शिवलाल प्रजापत, मुबारक खान थोलिया, अमन पठान, जगजीत सिंह, मांगे शाह सहित कई कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बाद में गोयल सर्किट हाउस पहुंचे। जहां भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने गोयल से मुलाकात कर बीकानेर में पार्टी के आयोजन की बात रखी। मीडिया से बातचीत करते हुए गोयल ने कहा कि पंजाब में आप की सरकार बनने के बाद कई राज्यों में पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश का संचार हुआ है। अभी पार्टी का फोकस हिमाचल और गुजरात पर है। क्योंकि वहां पर दिसम्बर में चुनाव होने हैं। इन दोनों राज्यों में आम आदमी पार्टी की जमीन तैयार है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पार्टी की फसल बो रहे हैं और धीरे-धीरे संगठन खड़ा होगा। अगर हिमाचल और गुजरात में पार्टी को अच्छी सफलता मिलती है तो अगला लक्ष्य राजस्थान रहेगा। यहां दोनों ही पार्टियों में विद्रोह के हालात है, जिसका लाभ आप पार्टी को मिलेगा।

### बावरी हत्याकांड को लेकर एएसपी से मिले



**बीकानेर,** (कासं)। राजेन्द्र बावरी हत्याकांड को लेकर जिला कलेक्टर और एडिशनल एसपी ग्रामीण से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। बावरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट राजूराम बावरी ने बताया कि पिछले दिनों 10 एमकेडी लूणकरनसर में अनुसूचित जाति के राजेन्द्र बावरी की सामंतवादी सोच के लोगों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। उसी प्रकरण को लेकर शनिवार को पीड़ित परिवार के घर जाकर मुलाकात की। परिजनों के अंदर डर का माहौल है। आगामी कार्यवाही को लेकर पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया और मदद का भरोसा दिलाया। एडवोकेट वीरबहादुर उदयरामसर ने उक्त प्रकरण में निष्पक्ष कानूनी कार्यवाही कर शेष आरोपियों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी व पीड़ित परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी की मांग रखी। पुलिस प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार की सुरक्षा मुहैया कराने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इस दौरान आनंदपाल जोधपुर, रामचंद्र राठौड़, बाबूलाल हटीला, राजपाल सोलंकी, सतपाल मेघवाल, आनंद चौहान आदि लोग शामिल थे।

### 40 ग्राम हेरोइन सहित दो गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जंक्शन सिटी पुलिस ने देर रात 40 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने देर रात गश्त के दौरान बाइक सवार युवकों को रोका तो वे हड़बड़ा गए। इस पर पुलिस ने तलाशी ली तो दोनों से 20-20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। थानाधिकारी अशोक बिश्नोई ने बताया कि एसआई विशु वर्मा के नेतृत्व में सिटी थानाक्षेत्र के जोड़किया रोड़ सार्दुल ब्रांच नहर की पुलिया के पास देर रात गश्त के दौरान बाइक सवार दो युवकों को शक के आधार पर रुकने का इशारा किया तो वे हड़बड़ा गए। पुलिस ने शक बढ़ने पर बाइक सवार दोनों युवकों से पूछताछ कर तलाशी ली तो दोनों युवकों के पास से 20-20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिया दोनों को 40 ग्राम हेरोइन और बाइक सहित गिरफ्तार कर थाने ले आये। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान रोहिताश (24) पुत्र सुभाषचंद्र निवासी वार्ड 4 कोहला पीएस टाउन और अमित कुमार (22) पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी अबोहर हाल टाउन के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पति के साथ नहीं गई तो गैंगरेप

**श्रीडूंगरगढ़,** (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के देराजसर में आटा-साटा प्रथा में शादी के बाद पति के साथ नहीं जाने पर एक नाबालिग के पति ने अपने साथियों के साथ उसका किडनैप कर गैंगरेप किया। पीड़िता ने अपने पति और उसके साथियों पर गैंगरेप का मुकदमा दर्ज करवाया है। एसएचओ रामचंद्र ढाका ने बताया कि लूणकरनसर निवासी मजदूर परिवार पिछले कई महीनों से देराजसर के खेतों में मजदूरी का काम करते हैं। 6 अप्रैल को पीड़िता की भाभी गोमती ने उसे बहला-फुसलाकर ढाणी से बाहर ले आई। जहां कुछ दूरी पर गाड़ी में बैठे पूर्णाराम भोपा, रतनाराम, रणजीत, संजय कुमार ने उसका किडनैप कर लिया। आरोपी उसे अज्ञात स्थान पर ले गए जहां चारों ने उसके दुष्कर्म किया। आरोपी चार दिन बाद उसे वापस देराजसर गांव की रोही में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाकर उसके बयान दर्ज कर लिए हैं। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि आटा साटा प्रथा के अनुरूप पीड़िता की शादी मुख्य आरोपी पूर्णाराम भोपा के साथ हुई थी। लेकिन वह अपने पति के साथ जाना नहीं चाहती थी। जबकि आरोपी की बहन पीड़िता के भाई के साथ रह रही है।

# सरकारी पानी बेचते टैंकर को कांग्रेस नेता ने पकड़ा

**बीकानेर,** (कासं)। इंदिरा गांधी नहर में बंदी के चलते बीकानेर में भारी पेयजल संकट खड़ा हो गया है। पानी के टैंकर की कीमत दोगुनी होकर पन्द्रह सौ रुपये तक पहुंच गई है। वहीं गरीब आदमी के लिए घर-घर भेजा जा रहा पानी भी धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। कांग्रेस नेता ने शनिवार को एक मोहल्ले में सरकारी पानी को बेच रहे टैंकर से चाबी निकाल ली और टैंकर चालक को एक कमरे में बिठा दिया।

- सरकारी पानी को टैंकर चालक 15 सौ रुपये में एक ही घर में खाली कर रहे हैं

दरअसल नहरबंदी के चलते बीकानेर में एक दिन छोड़कर एक दिन पानी देने का प्रावधान किया गया है। इस अवधि में पानी तो आता है लेकिन इतनी कम मात्रा में पानी मिल पा रहा है कि दूर तक जाकर पानी लाना पड़ रहा है। जलदाय विभाग के सहायक व कनिष्ठ अभियंताओं को कम पानी वाले क्षेत्रों में मुफ्त पानी के टैंकर भेजने के आदेश हैं। ये टैंकर तो निकल रहे हैं लेकिन मोहल्लों में सभी को पानी देने के बजाय पन्द्रह सौ रुपये में टैंकर एक ही घर में खाली कर दिया जाता है।

पिछले कई दिनों से चल रहे इस खेल को कांग्रेस नेता सुभाष स्वामी ने पकड़ लिया है। उन्होंने शनिवार को सर्वोदय बस्ती में टैंकर के पानी को बेच रहे एक चालक को रोक लिया। उसके टैंकर की चाबी कब्जे में लेकर जलदाय विभाग के आला अधिकारियों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि पिछले कई दिनों से आम आदमी के लिए पानी देने के नाम पर जलदाय विभाग टैंकर भेज रहा है। ये टैंकर आम आदमी को देने के बजाय आसानी से बेच दिए जाते हैं।

जलदाय विभाग के अधिकारी इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस नेता ने ही जलदाय विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाये। स्वामी ने सोशल मीडिया पर सारे हालात को लाइव दिखाते हुए अभियंताओं पर आरोप लगाये। इंदिरा गांधी नहर परियोजना की 67 किलोमीटर लम्बी नहर के रिलाइनिंग के काम के चलते 21 मार्च से 60 दिनों की नहरबंदी है।

21 मार्च से 20 अप्रेल तक आईजीएनपी नहर में आंशिक बंदी रखी गई। इस दौरान पेयजल के लिए नहर में 2 हजार क्यूसेक आगामी 20 अप्रेल तक दिया गया। 21 अप्रेल से आगामी 30 दिनों इंदिरा गांधी नहर में पूर्ण बंदी रहेगी।

## बिना पंजीकरण के 10 टैंकर सीज

**बीकानेर,** (कासं)। शहरी क्षेत्र में बिना पंजीकरण संचालित दस टैंकर शनिवार को सीज किये गए।

जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार परिवहन विभाग के अधिकारियों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार दूसरे दिन कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को पंजीकरण बिना चल रहे तीन तथा निर्धारित से अधिक राशि वसूलने वाले तीन टैंकर सीज किये गए थे। इसी श्रंखला में शुक्रवार को भी औचक कार्यवाही की गई। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जरूरत वाले क्षेत्रों में टैंकर्स के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है।

विभाग के अधीक्षण अभियंता बलवीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को शहरी क्षेत्र में 41 टैंकर्स द्वारा 245 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 100 टैंकर्स द्वारा 200 ट्रिप करते हुए जलापूर्ति की गई। शहरी क्षेत्र में बीकानेर के 226 तथा श्रीडूंगरगढ़ के 13 ट्रिप सम्मिलित हैं। शेष जलापूर्ति दूर-दराज के क्षेत्रों में की गई।

## रायसिंहनगर में किराये का मकान दिलाने के बहाने रेप कर वीडियो बनाया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। किराये का मकान दिलाने के बहाने युवक ने लड़की से रेप कर वीडियो बनाया। युवक ने इस बारे में अपने दोस्त को भी बताया। इसके बाद दोस्त ने भी रेप कर धमकाया।

- दवा का काम सीख रही युवती को सूने मकान में ले जाकर रेप किया

घटना के बारे में किसी को बताने पर लड़की को धमकाया था। मामला श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर का है। युवती ने पुलिस को बताया कि वह दवाओं से संबंधित कामकाज सीख रही है। हर दिन गांव आने-जाने में परेशानी होती थी। इस कारण किराये पर घर लेना चाहती थी। उसने कामकाज के सिलसिले में उसके संपर्क में रहे एक युवक विजय जाट को मकान दिलाने को कहा। युवक उसे मकान दिखाने के बहाने एक सूने मकान में ले गया और रेप किया।

आरोपी विजय ने अपने दोस्त जगदीश उर्फ जग्गू को घटना की जानकारी दी। जगदीश ने भी युवती को धमकाना शुरू कर दिया। उसने युवती को कहा कि विजय ने उसके अश्लील वीडियो बना लिए हैं और वह उन्हें वायरल कर देगा। धमकी से घबराई युवती के साथ जगदीश ने भी रेप किया। जगदीश ने इसकी जानकारी आरोपी विजय के एक अन्य जानकार विक्रम को भी दी। तीसरा आरोपी विक्रम भी उसे अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर डराने लगा। युवती ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

## एमजीएसयू की स्नातक स्तरीय परीक्षाएं 19 से शुरू होंगी

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय की स्नातक स्तरीय परीक्षाएं 19 मई से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी है।

- संभाग स्तर पर 176 परीक्षा सेंटर गठित किए

स्नातक स्तरीय परीक्षा में शामिल होने वाले संभाग के 2 लाख 78 हजार विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड शनिवार को जारी किए गये। परीक्षा तीन पारियों में कराई जायेगी। पिछली बार की तरह इस बार भी परीक्षा की अवधि डेढ़ घंटे निर्धारित की गई है।

यूजी सैकंड ईयर की परीक्षा पहली पारी में सुबह 9 से 10.30 बजे, यूजी फर्स्ट ईयर की परीक्षा दोपहर 12 से 1.30 बजे और यूजी फाइनल ईयर की परीक्षा दोपहर 3 से 4.30 बजे तक करवाई जायेगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा के लिए संभाग स्तर पर 176 परीक्षा सेंटर गठित किए हैं। स्नातक स्तरीय परीक्षाएं 18 जुलाई तक संपन्न होगी। विश्वविद्यालय की ओर से पीजी प्रीवियस और फाइनल ईयर की परीक्षाओं का भी टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है। पीजी की परीक्षाएं 3 जून से शुरू होंगी।

## फिल्मी गीतों का कार्यक्रम 19 को

**बीकानेर,** (कासं)। अमन कला केन्द्र द्वारा 19 मई को महाराजा नरेन्द्र सिंह ऑडिटोरियम होटल लाल के सामने में शाम 6 बजे बीकानेर के जाने माने प्रेस फोटोग्राफर एम. शाकिर की बरसी व गीतकार व शायर साहिर लुधियानवी की स्मृति में फिल्मी गीतों का रंगारंग कार्यक्रम 'जाने कहां गये वो दिन' कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

संस्था के अध्यक्ष एम. रफीक कादरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एन. डी. रंगा अध्यक्ष सखा संगम होंगे। अध्यक्षता संयुक्त रूप से डॉ प्रवीण चतुर्वेदी अधीक्षक राजकीय चिकित्सालय व एम. आर. मुगल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ श्याम अग्रवाल, डॉ पी. के. सरीन, विपिन जैन, नेमचंद गहलोत, डॉ दिनेश शर्मा, डॉ हिमांशु दाधिच, डॉ सुधीर शर्मा, अशोक सोनी जसमतिया होंगे।

## वाटर होल पद्धति से वन्यजीवों की गणना कल से शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। लॉकडाउन के बीच वन विभाग ने प्रदेश में वन्यजीवों की आंकलन के आदेश जारी कर दिए हैं। पिछले 2 वर्ष से कोरोना के चलते गणना नहीं हो पाई थी।

- 16 मई को सुबह 8:00 बजे से वाटर होल पद्धति से वन्यजीवों की गणना की जायेगी

ग्रीष्म ॠतु की पूर्णिमा को यानी 16 मई को सुबह 8:00 बजे से 17 मई सुबह 8:00 बजे तक वाटर होल पद्धति से वन्यजीवों की गणना की जायेगी। 30 मई तक वन्यजीव के आंकड़े संकलित कर भेजे जायेंगे। गणना को लेकर शनिवार को वन्य जीव विभाग में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें बताया गया कि वन्यजीव संख्या आंकलन वर्ष 2022 के लिए बीट को इकाई मानकर बीट वाइज आंकलन किया जायेगा। इस बार भी कई स्थानों पर कैमरा ट्रैप पद्धति से तो कई स्थानों पर वॉलेंटियर की मदद से गणना की जायेगी। वन्यजीवों की संख्या का सटीक आंकलन करना बहुत जटिल प्रक्रिया है।

इसलिए इस पद्धति का नाम वन्यजीव गणना के बजाए वन्यजीव आंकलन और वाइल्ड लाइफ सेंसस की जगह वाइल्ड लाइफ एस्टिमेशन दिया गया है। वन्यजीव आंकलन जेठ पूर्णिमा यानी 16 मई को सुबह 8 बजे से 17 मई को सुबह 8 बजे तक 24 घंटे के लिए किया जाेगा। निर्देशों के अनुसार, वन्यजीव की प्रजाति एवं लिंग का सही निर्धारण हो सके इसके लिए मोबाइल और कैमरे से फोटो खींचकर विशेषज्ञ से पहचान करवाना सुनश्चित करना होगा। वन्यजीवों में मुख्यतः बाघ, बघेरा, जरख, सियार, जंगली बिल्ली, मरू बिल्ली, भारतीय लोमड़ी, रेगिस्तानी लोमड़ी, भेडिय़ा, भालू, सियागोश, चिंकारा, सांभर, चौसिंघा, कृष्ण मृग, जंगली सुअर, सेही, उड़न गिलहरी, गोडावण, सारस, गिद्ध की प्रदेश में पाई जाने वाली सभी प्रजातियां, उल्लू की प्रदेश में पाई जाने वाली सभी प्रजातियां आदि शामिल हैं।

# राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सूरसागर में प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) सूरसागर में शनिवार को कक्षा एक में 30, कक्षा 3 में 2, कक्षा 5 में 3, कक्षा 6 में 3 तथा कक्षा 7 में 2 छात्राओं के नवीन प्रदेश के लिए अभिभावकों व उपस्थित जनों के बीच प्रभारी अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) सुनील कुमार बोडा के सानिध्य में लॉटरी निकाली गई।

जिला शिक्षा अधिकारी (मा.) सुरेन्द्र सिंह भाटी व प्रधानाचार्य दिलीप हर्ष की उपस्थिति में राजकीय नियमों व पारदर्शिता के साथ लॉटरी का आयोजन किया गया। साथ ही डिजिटल बोर्ड पर दर्शाया गया। सभी चयनित को 24 से 28 जून के मध्य शाला समय में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर जमा करने होंगे। इस कार्य में प्रधानाचार्य नाजिमा, सुभाषिनी गोदारा, सुरभि शर्मा, सरिता, बिन्दु जांगिड़, हरविंद्र कौर, जहांगीर खान ने सहयोग किया व केशव यादव ने कम्प्यूटर व तकनीकी कार्य किया।



बीकानेर में राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सूरसागर में एडीईओ सुनील बोड़ा ने प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कक्कू में कक्षा - 3, 5 व 6 में अंग्रेजी माध्यम प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की लॉटरी निकाली गई। जिसमें पूर्व सरपंच व पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेन्द्र सिंह बीदावत, संस्था प्रधान द्वारिका प्रसाद देरी, रतिराम कुमावत अर्जुनराम कुमावत, रामेश्वर लाल राहड़, प्रभुदयाल पारीक व अन्य अभिभावक उपस्थित थे।

- चयनितों को 24 से 28 जून के मध्य शाला समय में दस्तावेज जमा कराने होंगे

**शिक्षक संघ का अधिवेशन आज :** राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) का जिला महासमिति अधिवेशन एवं जिला कार्यकारिणी का निर्वाचन 15 मई को प्रातः 10:00 राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जेल, बीकानेर में होगा। जिलाध्यक्ष आनंद पारीक ने बताया कि अधिवेशन के प्रथम सत्र में गत वर्ष संगठन की गतिविधियों पर चर्चा एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## शराब ठेकेदार से अवैध वसूली मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले की भिरानी थाना पुलिस ने शराब ठेकेदार से पांच लाख रुपये मांगने के मामले में दो आरोपियों को जेल से प्रोडक्शन वारंट से गिरफ्तार किया।

- शराब ठेकेदार से 5 लाख रुपए मांगे थे और मारपीट कर गल्ले में रखे रूपये लूट ले गए थे
- बदमाशों ने शराब ठेका के ताला लगा दिया था, ताला खोलने पर जान से मारने की धमकी दी थी

थानाधिकारी ओमप्रकाश सुथार ने बताया कि 1 मई को सीताराम (44) पुत्र रामप्रसाद छिम्पा निवासी झांसल ने रिपोर्ट दी थी कि वह रोही झांसल में शराब ठेके में पार्टनर है। 7 अप्रेल को ठेके पर अजय कान्सुजीया और नवीन नेहरा निवासी गणबेर आये और 5 लाख रुपये या ठेका देने की बात कही और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद 18 अप्रेल और 5-6 दिन पहले फिर से ये दोनों आये और 5 लाख रुपये देने की बात कही।

उसके बाद रात को मैं और होटल पर काम करने वाले पालाराम व अनिल सो रहे थे। रात करीब 3 बजे शीशा टूटने की आवाज सुनाई देने पर बाहर देखा तो अजय कान्सुजीया और नवीन नेहरा दोनों कांच के गेट को तोड़कर होटल के अन्दर घुस आये। होटल के आगे एक सफेद रंग की कार खड़ी थी, जिसमें धोलु पुत्र सुभाष निवासी बेर कपिल पुत्र बलवान वाल्मीकि निवासी बेर, गोलू झोरड़ निवासी उदराण, गोलू वाल्मीकि निवासी बिराण और दो-तीन अन्य लोग बैठे थे।

अजय कान्सुजीया और नवीन नेहरा ने धमकी दी की तेरे शराब ठेका के हमने ताला लगा दिया। ताला 5 लाख रुपये देकर ही खोलना है नहीं तो ताला खोलने वाले के हाथ काट देंगे और मेरे को जान से मारने की धमकी दी। फिर होटल के गल्ले में रखे 15 हजार 700 रुपये निकालने लगे तो विरोध किया तो पालाराम के अजय कान्सुजीया ने मुंह पर थप्पड़ मारा। वे गल्ले से रुपये जबरदस्ती निकालकर ले गए। इसी मामले में भिरानी पुलिस को आरोपियों की तलाश थी। इस मामले की जांच भिरानी पुलिस थानाधिकारी ओमप्रकाश सुथार कर रहे थे। इस मामले में पुलिस ने जेल से दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट से गिरफ्तार किया है। आरोपी नरेश उर्फ गोलू निवासी उदराण और संदीप उर्फ गोलू पुत्र (29) राजेराम निवासी बिराण से पूछताछ में जुटी हुई है।

# आधी रात को आश्रय के लिए भटकते परीक्षार्थियों को सेवादारों ने संभाला



गंगानगर में कांस्टेबल भर्ती परीक्षार्थियों को गुरूद्वारा धन- धन बाबा दीप सिंह शहीद के सेवादारों ने खाना खिलाया व उन्हें ठहराया।

■ मौके का फायदा उठाते हुए होटल मालिकों ने भी कमरे का किराया 1000-1200 रुपये तक वसूल किया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पदमपुर रोड स्थित गुरूद्वारा धन धन बाबा दीप सिंह शहीद के सेवादारों द्वारा कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में शामिल होने आने वाले परीक्षार्थियों के लिए रहने, भोजन व नाश्ते की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत सेवादार चौबीस घंटे अपनी-अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं।

गुरूद्वारा के मुख्य सेवादार तेजेन्द्रपाल सिंह टिम्मा के अनुसार रात्रि को भी सेवादारों ने उन महिला परीक्षार्थियों को संभाला जो आश्रय के लिए इधर-उधर भटक रही थी। महिला परीक्षार्थियों को सेवादारों ने आदर के साथ गुरूद्वारा में ठहराया, जहां उनके लिए भोजन, नाश्ते व रहने की व्यवस्था की गई। टिम्मा ने बताया कि रात दो बजे भी अनेक महिला परीक्षार्थियों को अलग-अलग जगहों से लाकर गुरूद्वारा में ठहराया। आज सुबह सेवादारों ने जहां मौजूद परीक्षार्थियों दको चाय-नाश्ता परोसा। इस दौरान नेहरू पार्क समिति के अलावा अन्नपूर्णा रसोई का भी सहयोग रहा। बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों पार्क में पहुंचने के दौरान वहां कचरा भी फैल गया था। इस पर सेवादारों ने नेहरू पार्क सहित उन अन्य पार्कों में जाकर साफ-सफाई की, जहां परीक्षार्थी या उनके अभिभावक आराम कर रहे थे।

इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों के बाहर भी ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई। चाय-नाश्ता परोसने व पार्क की साफ-सफाई कार्य में दंवरजीत भाटिया, महेन्द्र गुप्ता, दर्शन सिंह संधू, भगवानदास तनेजा, भीम पाहूजा, रामलाल सुखीजा, सतीश शर्मा, राजू सोनी, नीरज अवस्थी, रामअवतार लीला, सुनील लिंबा, दीनदयाल वधवा, अर्जुन राजपाल, रमन सिंह, शिवा सिंह, मोनू व अन्य सेवादारों ने सहयोग किया। टिम्मा ने बताया किद 16 मई तकद चलने वाली कांस्टेबल भर्ती परीक्षा को देखते हुए गुरूद्वारा में लंगर सहित सभी व्यवस्था की गई हैं।

उन्होंने बताया किद उनका प्रयास है किद किसी भी महिला परीक्षार्थी को आश्रय के लिए भटकने नहीं दिया जायेगा। गुरूद्वारा में महिला परीक्षार्थियों के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है।

**बस स्टैंड पर गुजारी रात :** जिले में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने आये परीक्षार्थियों को ठहरने की जगह को लेकर परेशान होना पड़ रहा है। होटल-धर्मशाला में जगह नहीं मिलने पर रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर रात बिताने को मजबूर हो गए। मौके का फायदा उठाते हुए होटल मालिकों ने भी किराया बढ़ा दिया। करीब सवा दो सौ परीक्षार्थियों को गुरुद्वारे में ठहराया गया। कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 16 मई तक होगी। परीक्षा देने अलग-अलग जिलों से अभ्यर्थी रात को श्रीगंगानगर पहुंचे थे। होटल और धर्मशाला में कमरा लेने गए तो पहले से ही भरे हुए थे। कई जगह कमरा मिला भी तो मुंह मांगा किराया मांगा। साधारण से कमरे के लिए एक हजार से बारह सौ रुपये किराया बताया गया। चूरू से आये स्कूल लैक्चरर सागरमल ने बताया कि वह बहन को परीक्षा दिलाने के लिए आये हैं। रात को होटल में बड़ी मुश्किल से जगह मिली। मुंह मांगा किराया लिया गया। धर्मशालाओं में तो जगह ही नहीं थी। बड़ी मुश्किल से रात बिताई। बीकानेर जिले के कोलायत के किशनाराम बेटी को परीक्षा दिलाने श्रीगंगानगर आये लेकिन यहां केन्द्रीय बस स्टैंड पर रात बितानी पड़ी। उन्होंने बताया कि बस संचालकों ने खूब मनमर्जी की। प्राइवेट बस में बीकानेर से यहां आने के लिए हर सवारी के छह सौ रुपये तक वसूले।

## अवैध खनन रोकने के लिए दो जांच दल गठित

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार श्रीगंगानगर जिले में खनिज के अवैध खनन, निर्गमन, परिवहन व भण्डारण की रोकथाम हेतु सघन जांच अभियान 15 मई से से 14 जून तक चलेगा तथा इसके लिए दो संयुक्त दलों का गठन किया गया है।

जिला कलेक्टर रूक्मणि रियार सिहाग ने बताया कि सूरतगढ़ क्षेत्र के लिए उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) कपिल कुमार यादव, परिवहन विभाग के भूपेन्द्र, वन विभाग के सुभाष शर्मा, पुलिस विभाग से शिवरतन गोदारा तथा खनन विभाग के घनश्याम चौहान व रमेश को संयुक्त जांच दल में शामिल किया गया है। वहीं घडसाना व रावला क्षेत्र के लिए उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) अभिलाषा, परिवहन विभाग के प्रवीण बिश्नोई, वन विभाग के अशोक कुमार व रणसिंह शेखावत, पुलिस विभाग के जयदेव तथा खान विभाग के नौरंगलाल को संयुक्त जांच दल में शामिल किया गया है।

जिला कलेक्टर ने बताया कि अवैध खनन के सभी संभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में संयुक्त जांच दल द्वारा अचानक निरीक्षण किया जाए एवं अवैध खनन, निर्गमन व भण्डारण में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार अवैध खनन, निर्गमन व भण्डारण में प्रयुक्त वाहनों, मशीननरी एवं उपकरणों की जब्ती करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

## सार-समाचार

### शादी में फायरिंग करने वाले गिरफ्तार

**नोखा,** (कासं)। पुलिस ने विवाह के दौरान फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध दुनाली 12 बोर, एक बंदूक और लाईसेंस शुदा एक रिवॉल्वर मय दो कारतूस जब्त किए है। फिलाहल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़ ने बताया कि 12 मई को गांव सुरपुरा में शादी समारोह में फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसके बाद आरोपियों की तलाश के लिए दो टीमों का गठन किया गया। तलाशी के दौरान एएसआई श्रवण कुमार मय जाप्ता द्वारा हर्ष फायरिंग करने वाले लूणकरनसर निवासी अजयसिंह राजपूत के कब्जे से अवैध दुनाली 12 बोर, एक बन्दूक बिना किसी परमिशन अनुज्ञापत्र के अपने कब्जे में रखने और सार्वजनिक स्थान पर शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करने के मामले में आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया। वहीं दूसरी टीम एएसआई राजूराम मय जाप्ता द्वारा हर्ष फायरिंग करने वाले शख्स निवासी हरियाणा के मिसरी निवासी विरेन्द्र सिंह के कब्जे से लाईसेंस शुदा रिवाल्वर मय दो कारतूस सार्वजनिक स्थान पर शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करने के मामले में आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया। फायरिंग करने का वीडियो वायरल होने पर नोखा पुलिस दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की और हथियारों को जप्त किया गया। कार्रवाई में नोखा पुलिस के थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़, एएसआई गोविन्दसिंह एएसआई राजूराम, एएसआई श्रवणकुमार, एचसी ओमप्रकाश, कानि राधेश्याम, कानि पवनसिंह, कानि गणेश गुर्जर, कानि बलवीर, डीआर कानि गणेशाराम शामिल थे।

### वायलिन पर राग भूप सुनाई



**बीकानेर,** (कासं)। विरासत संवर्धन संस्थान तथा म्यूजिक एंड इमोशन ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में टी. एम. ऑडिटोरियम, गंगाशहर में संगीत मनीषी डॉ. मुरारी शर्मा को समर्पित शास्त्रीय संगीत सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध वायलिन वादक वनस्थली विद्यापीठ के प्रो. डॉ सुजीत देवघरिया ने वायलिन पर बड़ा ख्याल तथा छोटा ख्याल राग भूप तथा शुद्ध कल्याण प्रस्तुत किया। देवघरिया ने वायलिन पर वैष्णव जन को तेने कहिए.. भी प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव विभोर किया। देवघरिया ने संस्थान के विद्यार्थियों को संगीत साधना और नियमित रियाज के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में विरासत संवर्धन संस्थान के प्रशिक्षक प. पुखराज शर्मा ने अपने गुरू डॉ. मुरारी शर्मा को स्वरांजलि प्रस्तुत करते हुए मांड गीत 'केसरिया बालम' तथा भक्ति रचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में चंद्रशेखर सांवरिया ने गजल 'रफ्ता रफ्ता वो मेरी हस्ती का ' पेश की। कार्यक्रम में ललित रतावा, सुमन शर्मा ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। तबले पर उस्ताद गुलाम हुसैन ने संगत दी। कार्यक्रम में चित्रकार संगीत कलाकार दीनानाथ पटवा को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन राज भारती शर्मा ने किया।

### भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु



**बीकानेर,** (कासं)। दी आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष में संस्था के बीकानेर केन्द्र की ओर से आयोजित सुमेरु भजन संध्या 'तेरा मैं...' में साधकों ने आंनद विभोर होकर भक्ति सागर में गोते लगाए। आर्ट ऑफ लिविंग ब्यूरो कम्यूनिकेशन के बीकानेर जोन के मीडिया को आर्डिनेटर गिरिराज खैरीवाल ने बताया कि रानी बाजार इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित रिद्धि-सिद्धि भवन में आयोजित इस भजन संध्या में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सुमेरु भजन गायक जितेंद्र सारस्वत ने भक्ति गीतों एवं भजनों की बहुत ही शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित साधकों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और गुरु के गुणगान से आपूरित भजनों के साथ हुई। इस अवसर पर जयपुर के अंतर्राष्ट्रीय वायलीन वादक मनभावन की मंत्र मुग्ध करने वाले वायलीन संगत की सभी ने खुले मन से सराहना की। कार्यक्रम में बीकानेर के संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के. पवन मुख्य अतिथि, समाजसेवी महावीर रांका तथा बीकाजी के दीपक अग्रवाल विशिष्ट अतिथियों के रूप सम्मिलित हुए। संस्था के संरक्षक रवि कथूरिया, अपेक्स राजेश मुंजाल, डीटीसी आशी जैन ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान माल्यार्पण, शाल व मोमेंटो भेंट कर किया। इस अवसर पर मावे से बने केक काटकर श्री श्री का जन्मोत्सव सेलीब्रेट किया गया। खैरीवाल के मुताबिक इस अवसर पर लगभग 600 साधकों ने शिरकत करते हुए आनंद की अनुभूति प्राप्त की। इस अवसर पर स्नेह मिलन समारोह एवं सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया।

# डोर-टू-डोर सर्वे का होगा क्रॉस वेरिफिकेशन : कलेक्टर

■ सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लाभ से वंचित पात्र लोगों का चिन्हीकरण किया

**बीकानेर,** (कासं)। सामाजिक न्याय आपके द्वार अभियान के तहत अब तक हुए डोर-टू-डोर सर्वे का क्रॉस वेरिफिकेशन किया जायेगा। यह प्रति सत्यापन रेण्डम आधार पर दो प्रतिशत घरों का होगा। संबंधित एसडीएम द्वारा नियुक्त अधिकारी इन घरों तक पहुंचेंगे और सर्वे का रिव्यू करेंगे।

कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत पात्र लेकिन अब तक इनके लाभ से वंचित लोगों के चिन्हीकरण तथा इनके आवेदन के लिए यह अभियान 1 अप्रैल से प्रारम्भ किया गया था। इसके लिए ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर टीमें गठित की गई। अब तक जिले के 3 लाख 4 हजार 818 घरों तक यह टीमें पहुंची हैं। उन्होंने 18 से 50 वर्ष आयुवर्ग की एकल नारी पेंशनर और दिव्यांग पेंशनर का शत प्रतिशत सर्वे सर्वोच्च प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं। जिससे इन परिवारों में पालनहार से वंचित संभावित लाभार्थियों को भी जोड़ा जा सके।

लगभग नौ हजार संभावित लाभार्थी चिन्हित जिला कलेक्टर ने बताया कि इन टीमों द्वारा अब तक मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 5 हजार 654, मुख्यमंत्री एकलनारी सम्मान पेंशन योजना के 1 हजार 168, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन पेंशन योजना के 802, कन्यादान योजना के 471 तथा पालनहार योजना के 613 संभावित लाभार्थियों का चयन किया गया है। इनमें से विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत 1 हजार 465, कन्यादान के तहत 60 तथा पालनहार के तहत 135 लोगों के आवेदन नजदीकी ई-मित्र केन्द्रों के माध्यम से करवा दिये गए हैं।

जिला कलेक्टर ने अभियान के तहत अब तक हुए डोर-टू-डोर सर्वे में और इसमें गति लाते हुए शत-प्रतिशत सर्वे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम आयुक्त, सभी उपखण्ड अधिकारियों और विकास अधिकारियों तथा नगर पालिकाओं के अधिशाषी अधिकारियों को इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारियों को दो प्रतिशत प्रति सत्यापन के लिए भी निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ ढाणियों और गांवों में भी रेंडमली क्रॉस वेरिफाई किया जाए।

कलाल ने कहा कि जिले में चल रहा यह अभियान जरुरतमंद को संबल देगा। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी संभावित पात्र इसके लाभ से वंचित नहीं रहे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक एल. डी. पवार ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र के 2 लाख 58 हजार 268 तथा शहरी क्षेत्र के 46 हजार 550 घरों में सर्वे किया गया है।

## आचार्य महाश्रमण 4 व 5 जून को नोखा आयेंगे

**नोखा,** (कासं)। धार्मिक नगरी नोखा में तेरापंथ धर्मसंघ के युग प्रधान आचार्य महाश्रमण अपनी धवल सेना के साथ 4 व 5 जून को आयेंगे, जिसकी तैयारियां जोर शोर से चल रही है। तेरापंथी सभा के अध्यक्ष निर्मल भूरा ने शनिवार को कार्यकारिणी की बैठक ली।

इस बैठक में भूरा ने कहा कि 2 दिन का प्रवास नोखा नगरी में यादगार व ऐतिहासिक हो। जिसके लिए सभी श्रावक श्राविका को योगदान देना है। कार्यक्रम की तैयारियों में तन मन धन से जुड़ जाना है। सभा मंत्री लाभचंद छाजेड़, उपाध्यक्ष इंद्रचंद बैद, सुनील बैद, सहमंत्री अनुराग बैद, कोषाध्यक्ष महावीर नाहटा, तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष रूपचंद बैद, लक्ष्मीनारायण पारख, पूर्व अध्यक्ष दिलीप बैद, नेमचंद छाजेड़, महावीर मालू, रितिक बुच्चा, कैलाश, विजय सेठिया, अरुण भूरा आदि ने विचार रखें। वहीं इन्द्र चंद बैद ने बताया कि भवन का नवीनीकरण व महावीर चौक में स्टेज, बैनर होर्डिंग्स तैयार किए जा रहे हैं। तैयारी बैठक में भोजन, पानी, आवास, प्रवास, टैंट, गोचरी, प्रचार प्रसार पर चर्चा की।

## गीता की दूसरी जगह शादी के संदेह में भाई की हत्या की थी

■ हिम्मटसर गांव में युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**नोखा,** (कासं)। यहां हिम्मटसर गांव की रोही में ढाणी में सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में फरार मुख्य अभियुक्त सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़ ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना स्तर पर अलग-अलग टीमें गठित कर प्रकरण की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपीगण की तलाश में जुटे थे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपीगण अपने निवास स्थान से गायब थे। टीम ने संभावित स्थानों पर दबिश दी गई।

थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मामले में शामिल नागौर के कंवलीसर निवासी सुनील बिश्नोई, रामसिंह, हिम्मटसर निवासी कैलाश बिश्नोई को गिरफ्तार किया गया है। वारदात में काम लिए हथियार, वाहन और अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी सुनील बिश्नोई और रामसिंह के चचेरे भाई ओमप्रकाश की शादी हिम्मटसर गांव में मृतक रामेश्वर की बहिन गीता के साथ की हुई थी। परंतु ओमप्रकाश मानसिक रूप से विक्षिप्त होने के कारण गीता ससुराल नहीं जा रही थी।

उसके ससुराल वाले उसे जबरदस्ती ससुराल ले जाना चाहते थे। कुछ समय पहले आरोपियों ने गीता की दूसरी जगह शादी करने का संदेह में सुनील बिश्नोई ने मृतक रामेश्वर बिश्नोई के बारे में जानकारी कर अपने पिता, भाई रामसिंह व अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर हिम्मटसर पहुंचकर रामेश्वर की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## करंट से तकनीकी कर्मचारी की मौत, मुआवजा के लिए धरना

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़ में शनिवार को बिजली के करंट की चपेट में आने से घायल हुए तकनीकी कर्मचारी की मौत का मामला गर्माता ही जा रहा है।

तकनीकी कर्मचारी मृतक कर्मचारी के आश्रित परिवार मुआवजा राशि व सहायक अभियंता राजेश भूरिया को निलंबित करने सहित अन्य मांगों को लेकर अड़े हुए है। सूरतगढ़ के डिस्कॉम कार्यालय में रात भर से तकनीकी कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरना स्थल पर जुटे हुए है।

वहीं मामले की सूचना पर रात को जिला मुख्यालय गंगानगर से विभाग के अधीक्षण अभियंता वीआई पडिहार मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों से समझाइश की। लेकिन तकनीकी कर्मचारी अपनी मांगों पर अड़े हैं। इस पर अधीक्षण अभियंता ने सहायक अभियंता राजेश भूरिया के स्थानांतरण की बात कही। लेकिन तकनीकी कर्मचारी सस्पेंड की मांग को लेकर अड़े रहे।

## भागवत में कृष्ण-सुदामा की कथा सुनाई

**बीकानेर,** (कासं)। नया हनुमान मंदिर गली नंबर 2 बी रामपुरा बस्ती लालगढ़ में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को भगवान कृष्ण और सुदामा कथा का सप्रसंग वृतांत सुनाया।

संगीतमय कथा में कथावाचक पंडित अमित चैतन्य भारद्वाज ने कहा कि कृष्ण सुदामा की मित्रता हर युग में प्रेरणादायक रही है। मनुष्य को इसी तरह मित्रता को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मित्र धर्म का पालन करने से जीवन में श्रेष्ठता हासिल होती है। कथा में कृष्ण रुक्मणी विवाह कृष्ण सुदामा की संजीवनी झांकी सजाई गई।

## घड़साना में कार-ट्रोले की भिड़ंत में ठेकेदार की मौत

■ बीकानेर निवासी ठेकेदार की मौत, बेटा गंभीर रुप से घायल

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के घड़साना इलाके में कार और ट्रोले की आमने-सामने की भिड़ंत में कार सवार कंस्ट्रक्शन ठेकेदार की मौत हो गई। हादसे में कार चला रहा ठेकेदार का बेटा भी गंभीर घायल हुआ है। उसके कंधे में फैक्चर हुआ तथा कई अन्य जगह चोटें आई हैं।

हादसे के बाद जहां कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह पिचक गया। वहीं ट्रोले के केबिन में भी आग लग गई। हादसे के बाद ट्रोले का ड्राइवर और खलासी मौके से फरार हो गए। उनके बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। बीकानेर के नारायण विहार का रहने वाला नरेश कुमार सड़क ठेकेदारी का काम करता है तथा घड़साना के व्यापारी परिवार से है। इस परिवार का घड़साना में अच्छा खासा बिजनेस है। शुक्रवार को वह बीकानेर से घड़साना के गांव रोझड़ी में अपना सड़क ठेकेदारी से जुड़ा कोई काम देखने के लिए आया था। काम देखने के लिए वह अपने परिवार से मिलने के लिए घड़साना की तरफ आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रोले से उसकी कार की टक्कर हो गई। कार नरेश का बेटा अमन चला रहा था। हादसे के दौरान नरेश और अमन बुरी तरह कार के अगले हिस्से में फंस गए।

आसपास के लोगों ने दोनों को संभाला तथा घड़साना पुलिस को सूचना दी। घड़साना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों को बाहर निकलवाया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामे से हुआ 4245 प्रकरणों का निस्तारण



बीकानेर न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों की सुनवाई करते न्यायिक अधिकारी।

■ 5 वर्ष से पुराने प्रकरणों का वाणिज्यिक न्यायालय में राजीनामे से हुआ निस्तारण


**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बीकानेर की ओर से शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की गई जिसमें 11243 प्रकरण में से 4245 प्रकरणों का निस्तारण किया।

जिला मुख्यालय, बीकानेर एवं प्रत्येक तालुका नोखा, श्रीडूंगरगढ़, कोलायत, लूणकरनसर, खाजूवाला मुख्यालय पर सभी प्रकृति के विवादों के निस्तारण व प्रि-लिटिगेशन और लम्बित प्रकरणों को समाहित करते हुए शमनीय दाण्डिक अपराध, अंतर्गत धारा 138, परक्राम्य विलेख अधिनियम, बैंक रिकवरी मामले, एमएसीटी मामले, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली व पानी के बिल (चोरी के अलावा), मजदूरी, भत्ते और पेंशन भत्तों से संबंधित सेवा मामले, राजस्व मामले, अन्य सिविल मामले किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा दावे एवं विनिर्दिष्ट पालना दावे) आदि का अधिकाधिक रूप से निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से किया गया।

न्यायाधीश प्रमिल कुमार माथुर, जिला एवं सेशन न्यायाधीश बीकानेर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों में से कुल 11243 प्रकरण लोक अदालत में रखे गये। जिनमें 4245 प्रकरणों का लोक अदालत की भावना से निस्तारण हुआ तथा 100484150 राशि का अवार्ड पारित किया गया। इसके अलावा प्रि-लिटिगेशन के 13499 प्रकरण रखे गये जिनमें से 2036 प्रकरणों का निस्तारण लोक अदालत की भावना से होकर उनमें से 30562950 राशि का अवार्ड पारित किया गया।

इस प्रकार कुल मिलाकर 24742 प्रकरण में 6281 प्रकरणों का निस्तारण राजीनामें से हुआ। जिनमें कुल 131047100 का अवार्ड पारित किया गया। मनोज कुमार गोयल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीकानेर ने लोक अदालत बैंचों के सभी सदस्यों, अधिवक्तागण, समस्त बैंकों के मैनेजर, अधिकारीगण, पक्षकारों की लोक अदालत के आयोजन में सकारात्मक भूमिका रही। अदा करने के लिये धन्यवाद प्रकट किया एवम अपील की कि भविष्य में भी आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालतों में समाज का प्रत्येक वर्ग सकारात्मक योगदान देवें।

# सूर्यमल्ल मिश्रण का काव्य वीरों के वीरत्व का उदघोष है : केवलिया




बीकानेर राजस्थानी अकादमी में वीर सतसई में मातृभूमि विषय पर संगोष्ठी को साहित्यकार डॉ. मदन केवलिया ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। वरिष्ठ साहित्यकार व शिक्षाविद डॉ. मदन केवलिया ने कहा कि महाकवि सूर्यमल्ल मिश्रण का सम्पूर्ण काव्य वीरों के वीरत्व का उद्घोष है। उनके द्वारा रचित 'वीर सतसई' में मातृभूमि को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त करवाने की अदम्य अभिलाषा है। उन्होंने वीर सतसई के माध्यम से स्वाधीनता-प्रेमी वीरों को प्रेरित किया।

डॉ. केवलिया शनिवार को राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत प्रतिमान संस्थान में 'वीर सतसई में मातृभूमि प्रेम' विषयक संगोष्ठी में बोल रहे थे। डॉ. केवलिया ने कहा कि भारत के सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में राजस्थान के अनेक वीरों की स्तुत्य भूमिका रही है। सूर्यमल्ल मिश्रण ने तत्कालीन समय की प्रतिध्वनियों को अपने काव्य के माध्यम से उकेरा है। मिश्रण ने अपने काव्य में मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए प्राणोत्सर्ग करने वाले शूरवीरों की मुक्तकंठ से सराहना की है। अपनी अतीतकालीन उपलब्धियों को विस्मृत कर, अंग्रेजों की अधीनता स्वीकारने वाले कायरों को कवि ने मृतक के समान माना है। वीर माता अपने पुत्र को पालने में झुलाती हुई, मातृभूमि की रक्षा करने की सीख देती है- 'इळा न देणी आपणी, हालरिया हुलराय, पूत सिखावै पालणै, मरण बड़ाई माय।' एसबीपी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डूंगरपुर के सेवानिवृत्त एसोसियेट प्रोफेसर डॉ. हरिशंकर मारु ने कहा कि मिश्रण ने वीर सतसई में लिखा है कि वही श्रेष्ठ वीर है, जो वीरता का प्रदर्शन करने में अपने ही लोगों से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रखता हुआ बलिदान हो जाता है।

# राहुल गांधी संभाले कांग्रेस अध्यक्ष पद, वे नहीं माने तो फिर प्रियंका को सौंपे कमान

## कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक में उठा यह मुद्दा, लेकिन बाहर नेताओं ने साधे रखी चुप्पी

- **दरअसल कांग्रेस नेता चाहते हैं कि जो भी कांग्रेस की कमान संभाले, वह लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश की यात्रा पर निकले**
- **यही कारण है कि संगठन चुनाव की प्रक्रिया से पहले ही गांधी परिवार में से किसी सदस्य को कमान सौंपने की मांग उठ रही है**

**उदयपुर/जयपुर, (का.प्र.)।** कांग्रेस के नव संकल्प शिविर के पहले दिन राजस्थान के प्रभारी अजय माकन ने कहा था कि पार्टी की चुनाव प्रक्रिया चल रही है, इसलिए राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर सवाल नहीं बनता है। लेकिन शिविर के दूसरे दिन हुई नेताओं की बैठक में राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा चली। इतना ही नहीं चर्चा में यह भी निकल कर आया कि यदि राहुल गांधी पार्टी अध्यक्ष बनने से मना करते हैं, तो फिर प्रियंका गांधी वाड्रा को पार्टी अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। इस चर्चा का सच क्या है यह तो बाद में सामने आएगा, लेकिन गांधी परिवार से 2 लोगों का अध्यक्ष पद के लिए चर्चा में आना काफी महत्वपूर्ण है।


उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के नव संकल्प शिविर के दूसरे दिन बुलाई गई प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारियों की बैठक में राहुल गांधी को फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने को लेकर मांग उठाई गई। सूत्रों के अनुसार नेताओं की मांग के बाद सोनिया गांधी ने सभी राज्यों के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों, प्रभारियों, प्रतिपक्ष के नेताओं की शनिवार को बैठक बुलाई। इस बैठक में हुई इस मांग को लेकर सभी नेताओं ने चुप्पी साध रखी है, लेकिन यदि यह मुद्दा रविवार को होने वाली कार्यसमिति की बैठक में आता है तो फिर निश्चित तौर पर माना जाएगा कि कांग्रेस के अधिकांश नेता राहुल को पार्टी अध्यक्ष के रूप में कमान सौंपने के लिए तैयार है।

दरअसल संगठन चुनाव के चलते यह चर्चा नहीं होनी थी लेकिन अचानक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और प्रदेश प्रभारियों की बैठक में यह चर्चा सामने आई। इसका कारण यह था कि पार्टी के अधिकांश नेता चाहते थे कि पार्टी का नेतृत्व करने वाला पूरे देश में यात्रा करें और लोगों से मिलकर यह जानने की कोशिश करें कि वह कांग्रेस से क्या चाहते हैं और केंद्र सरकार से उनकी क्या नाराजगी है। ऐसे में अचानक राहुल गांधी को फिर से कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने का मुद्दा उठा और बैठक में यह चर्चा भी हुई कि यदि राहुल गांधी अपनी उस बात पर अड़े रहते हैं कि उन्हें पार्टी अध्यक्ष नहीं बनना है तो फिर प्रियंका गांधी को पार्टी अध्यक्ष का कार्यभार सौंप दिया जाए।

जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान नेताओं ने आवाज उठाई कि राहुल को अध्यक्ष बनने के बाद देश भर की यात्रा पर निकलना चाहिए। ये जन जागरण यात्रा सभी राज्यों में निकाली जाए। राहुल गांधी इस यात्रा के जरिए 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राज्यों में कांग्रेस के लिए माहौल बनाएं। यात्रा को व्यवस्थित और असरदार बनाने के लिए एक रोडमैप तैयार करने की भी बात कही गई। गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए अगस्त में चुनाव होने हैं। तय माना जा रहा है कि राहुल गांधी ही राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष होंगे। इसके बाद अक्टूबर से वे जन जागरण यात्रा शुरू कर सकते हैं।

नव संकल्प शिविर शुरू होने से पहले अटकलें लगाई जा रही थी कि शिविर में राहुल गांधी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर चर्चा जरूर होगी। कांग्रेस आलाकमान इन अटकलों को खारिज कर रहा था, लेकिन अब शिविर के दूसरे ही दिन तय हो गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर पार्टी राहुल गांधी को ही देख रही है। इतना ही नहीं उनकी देशयात्रा को लेकर भी मांग उठाई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि बैठक में यह बात इसलिए उठाई गई, क्योंकि उत्तर भारत में कांग्रेस का प्रभाव पिछले कई चुनावों से कम होता जा रहा है। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में वापस ऊर्जा भरने के लिए राहुल गांधी की यात्रा जरूरी है। पिछले चुनावों में कांग्रेस राहुल गांधी की यात्रा जरूरी है। पिछले चुनावों में कांग्रेस को उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली ही नहीं पश्चिम बंगाल, गोवा सहित उत्तर भारत और अन्य क्षेत्रों में भी काफी नुकसान हुआ है।

सभी नेताओं ने यात्रा को लेकर अपनी-अपनी बात कही। सोनिया गांधी ने इस संबंध में फिलहाल अपनी राय नहीं रखी है। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि एक ऐसी यात्रा प्लान की जाए, जिसमें राज्यों के साथ अधिकतर प्रमुख जिलों को भी छुआ जा सके। राहुल गांधी को राज्य के नेताओं से ही नहीं, जिले के नेताओं से भी चर्चा करने और माहौल समझने व समझाने का मौका मिले। पार्टी नेताओं ने अनौपचारिक बातचीत में माना कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी देशभर में लगातार दौरे कर रहे हैं और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए अभी से ही माहौल बनाने में जुटे हुए हैं।



**पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन शनिवार को ट्रेन से आने-जाने के लिये अभ्यर्थियों का रैला जयपुर जंक्शन पर शनिवार सारे दिन लगा रहा।**



**परीक्षा में आने-जाने के लिये अभ्यर्थी अपनी जान की भी परवाह नहीं कर रहे हैं। वाहनों की छतों पर बैठकर और पीछे या दरवाजे-खिड़कियों पर लटककर आवागमन को मजबूर हैं।**

## दूसरे दिन करीब तीन लाख अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**जयपुर।** प्रदेश में चल रही कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन शनिवार को करीब तीन लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

एडीजी भर्ती बिनीता ठाकुर ने बताया कि दूसरे दिन निर्धारित साढ़े 5 लाख में से करीब 3 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। सभी सेंटर पर नकल रोकने के पुख्ता इंतजाम किए गए। इसके चलते सभी केंद्रों पर जैमर लगाया गया है। परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थी, उपस्थित पुलिसकर्मी व वीक्षक भी अपना मोबाइल साथ में नहीं रख सकते। अभ्यर्थियों को परीक्षा समय से डेढ़ घंटे पूर्व से ही प्रवेश प्रारंभ कर दिया गया। अभ्यर्थियों के लिए सुबह आयोजित परीक्षा में साढ़े आठ बजे और दोहपर ढाई बजे केंद्र पर पहुंचना जरूरी है।

# कांग्रेस अब ट्रांसजेंडर्स को पार्टी से जोड़ने पर ध्यान देगी

- **सोशल जस्टिस कमेटी की बैठक में हुआ इस मुद्दे पर विचार**
- **कर्ज माफी के लिए आयोग का गठन तथा एमएसपी पर कानून बनाने पर आए सुझाव**
- **चिदंबरम बोले, ''इंडिया शाइनिंग कैंपेन को जनता ने पूरी तरह ठुकरा दिया, मोदी सरकार फिर से इंडिया शाइनिंग कैंपेन को दोहरा रही है''**

**उदयपुर/जयपुर, (का.प्र.)।** अब तक एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग को साथ लेकर चलने की बात करने वाली कांग्रेस ने उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के नव संकल्प शिविर में ट्रांसजेंडर को भी पार्टी से जोड़ने पर विचार किया है। ऐसे में कांग्रेस पहली पार्टी होगी,जो ट्रांसजेंडर्स को अपने साथ जोड़ने के लिए विशेष कार्य योजना बनाने जा रही है। यदि कांग्रेस कार्यसमिति में इस बात पर मोहर लगी तो पार्टी के अंदर ट्रांसजेंडर्स को अलग से स्थान मिल सकता है।

सोशल जस्टिस को लेकर विचार विमर्श करने के लिए बनी कांग्रेस की समिति की सदस्य हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी शैलजा ने कहा कि कई वंचित वर्ग को भी कांग्रेस से जोड़ा जाएगा। ट्रासंजेडर्स को पार्टी से जोड़ने पर भी खास जोर दिया जाएगा, वे भी हमारे समाज का हिस्सा हैं और उनका हक है। किसी समिति के सदस्य के राजू ने कहा कि पार्टी में एससी-एसटी-ओबीसी-माइनॉरिटी के लिए 20 से 50 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का प्रावधान लागू करने का सुझाव दिया है। इससे वंचित वर्ग को पार्टी में भागीदारी मिल सकेगी। कमेटी के संयोजक सलमान खुर्शीद ने कहा कि कांग्रेस में सोशल जस्टिस एडवाइजरी काउंसिल बनाने का सुझाव दिए है। यह काउंसिल देश भर से डेटा कलेक्ट करेगी। पार्टी में सोशल इंजीनियरिंग इसी काउंसिल के जरिए होगी। इसके डाटा के आधार पर जिसकी जितनी संख्या है उसे उतनी भागीदारी मिलनी चाहिए। इसी के साथ खुर्शीद ने यह भी माना कि एससी एसटी ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग को लेकर पार्टी हमेशा काम करती रही है लेकिन यह वर्ग पार्टी के साथ नहीं जुट पा रहे हैं। इस बारे में भी चर्चा हो रही है कि हम बेहतर तरीके से इन तक अपनी पहुंच बनाएं।

इससे पहले किसान और मजदूर वर्ग की समस्याओं को लेकर बनी समिति के संयोजक हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि समिति में कर्ज माफी के लिए आयोग का गठन करने तथाएमएसपी पर कानून बनाने जैसे कई सुझाव दिए है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वादा किया था, वह तो पूरा नहीं किया, लेकिन किसानों पर कर्जा दोगुना हो गया। कमेटी के सदस्य और छत्तीसगढ़ के मंत्री टीएस सिंह देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसान न्याय योजना शुरू की गई है, इस योजना को पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए।

इससे पहले आर्थिक मामलों की कमेटी के संयोजक और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिंदबरम ने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियां देश हित में नहीं है। जीएसटी के गलत इंप्लिमेंटेशन की वजह से राज्यों की हालत खराब हो गई है। राज्यों को जीएसटी का पैसा समय पर नहीं दिया जा रहा है। आर्थिक मोर्चे पर केंद्र सरकार गलत कदम उठाते ही जा रही है।

इसी के साथ मीडिया की एक सवाल के जवाब में चिदंबरम ने कहा कि हम उदारीकरण से कदम पीछे खींचने के पक्षधर नहीं हैं। हम पोस्ट लिबरलाइजेशन की बात कर रहे हैं। ज्यादा गरीबी असमानता को बढ़ाती है। इंडिया शाइनिंग कैंपेन का उदाहरण आपको याद है, जब जनता ने इसे पूरी तरह ठुकरा दिया, क्योंकि उनके जीवन स्तर में बदलाव नहीं आया। मोदी सरकार फिर से इंडिया शाइनिंग कैंपेन को दोहरा रही है।

इसी के साथ चिदंबरम ने बढ़ती महंगाई के मुद्दे को लेकर कहा कि केंद्र सरकार महंगाई के लिए रूस-यूक्रेन वॉर को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकती। यूक्रेन वॉर से पहले ही तेल की कीमतें ज्यादा हैं। कीमतें ज्यादा होने का कारण पेट्रोल-डीजल पर हाई टैक्स है। आज महंगाई बढ़ रही है, लेकिन केंद्र की कोई तैयारी नहीं है।

## लोक अदालत में आठ लाख नब्बे हजार से अधिक मुकदमों का निपटारा हुआ

**जयपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को हाइकोर्ट सहित प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जस्टिस अशोक गौड ने हाईकोर्ट परिसर में दीप प्रज्वलित कर लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया। लोक अदालत में कुल 13 लाख 81 हजार 218 मुकदमे सूचीबद्ध किए गए। वहीं इनकी सुनवाई के लिए कुल 870 बैंच गठित की गई। लोक अदालत में कुल आठ लाख 90 हजार 170 मुकदमों का राजीनामा के जरिए निस्तारण किया गया।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमण के मामलों में थोड़ी कमी आई शनिवार को

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** प्रदेश में शनिवार को करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी गिरावट आई है। इस दौरान राज्य में 55 नए संक्रमित मिले हैं। हालाकि इस बीच 113 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 558 रह गए हैं। प्रदेश में शनिवार को 9 जिलों में 55 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को 80 रोगी पाए गए थे। इधर आज राजधानी जयपुर में भी थोड़ी कमी के बाद 33 नए मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा अलवर में 9, सवाई माधोपुर में 4, चूरू, झालावाड़ व नागौर में 2-2 तथा दौसा, कोटा व उदयपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं इस बीच राज्य के 24 जिलों अजमेर, बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, झुंझुनूं, जोधपुर, करौली, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सीकर, सिरोही और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान राज्य में 113 मरीज करोना से ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 558 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में 63 मरीजों के रिकवर होने से 360 एक्टिव केस रह गए हैं। वहीं धौलपुर में भी एक ही दिन में 41 संक्रमितों के स्वस्थ होने से यहां अब 59 लोगों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में शनिवार को भी करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

# हैदराबाद पर जीत से कोलकाता की प्लेऑफ की उम्मीदें कायम

पुणे, 14 मई। आंद्रे रसेल की 28 गेंदों पर चार छक्कों से सजी नाबाद 49 रन की तूफानी पारी और 22 रन पर तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत कोलकाता नाईट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को करो या मरो के आईपीएल मुकाबले में शनिवार को 54 रन से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। कोलकाता ने 20 ओवर में छह विकेट पर 177 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और हैदराबाद को आठ विकेट पर 123 रन पर रोक दिया। कोलकाता की 13 मैचों में यह छठी जीत है और उसके 12 अंक ही गए हैं और वह छठे स्थान पर पहुंच गयी है । दूसरी तरफ हैदराबाद को 12 मैचों में सातवीं हार का सामना करना पड़ा है और वह आठवें स्थान पर खिसक गयी है।

सातवें नंबर पर खेलने आये रसेल ने 28 गेंदों पर तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 49 रन ठोके और कोलकाता को एक लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया जो अंत में मैच विजयी साबित हुआ। रसेल ने अपने चार में से तीन छक्के तो ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुन्दर के पारी के आखिरी ओवर में मारे। उन्होंने पारी की आखिरी गेंद पर छक्का उड़ाकर पारी का समापन किया। रसेल ने सैम बिलिंग्स के साथ छठे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। बिलिंग्स ने 29 गेंदों पर 34 रन में तीन चौके और एक छक्का लगाया।



### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वेंकटेश अय्यर बो यानसेन | 07 | 6 | 1 | 0 |
| अजिंक्य रहाणे का शशांक बो उमरान | 28 | 24 | 0 | 3 |
| नितीश राणा का शशांक बो उमरान | 26 | 16 | 1 | 3 |
| श्रेयस अय्यर का त्रिपाठी बो उमरान | 15 | 9 | 2 | 0 |
| बिलिंग्स का विलियमसन बो भुवनेश्वर | 34 | 29 | 3 | 1 |
| रिंकू सिंह बो नटराजन | 05 | 6 | 0 | 0 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 49 | 28 | 3 | 4 |
| सुनील नारायण नाबाद | 01 | 2 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : | 12 | | | |

**कुल :** 20 ओवर में, छह विकेट पर 177 रन
**विकेट पतन :** 1-17, 2-65, 3-72, 4-83, 5-94, 6-157
**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-27-1, यानसेन 4-0-30-1, नटराजन 4-0-43-1, वाशिंगटन 4-0-40-0, उमरान 4-0-33-3

| सनराईजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का बिलिंग्स बो वरुण | 43 | 28 | 4 | 2 |
| विलियमसन बो रसेल | 9 | 17 | 1 | 0 |
| त्रिपाठी का और बो साउदी | 9 | 12 | 1 | 0 |
| मार्कराम बो उमेश | 32 | 25 | 0 | 3 |
| पूरन का और बो नरेन | 2 | 3 | 0 | 0 |
| शशांक का श्रेयस बो साउदी | 11 | 12 | 1 | 0 |
| जेनसन का बिलिंग्स बो रसेल | 1 | 2 | 0 | 0 |
| भुवनेश्वर नाबाद | 0 | 7 | 1 | 0 |
| उमरान मलिक नाबाद | 3 | 5 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : | 3 | | | |

**कुल :** 20 ओवर में 8 विकेट पर 123 रन
**विकेट पतन :** 1-30, 2-54, 3-72, 4-76, 5-99, 6-107, 7-113, 8-113
**गेंदबाजी :** उमेश 4-0-19-1, साउदी 4-0-23-2, नरेन 4-0-34-1, रसल 4-0-22-3, वरुण 4-0-25-1

# थॉमस कप फाइनल में इतिहास रचने उतरेगा भारत

बैंकॉक, 14 मई। क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल में मलेशिया और डेनमार्क को हराकर विजय रथ पर सवार भारतीय बैडमिंटन टीम रविवार को फाइनल में इंडोनेशिया के खिलाफ इतिहास रचने उतरेगी। भारत ने शुक्रवार को इतिहास रचते हुए डेनमार्क को 3-2 से हराकर थॉमस कप के फाइनल में पहली बार जगह बनाई है ।

भारत इस सीज़न में सिर्फ चीनी ताइपे के खिलाफ एक मैच हारा है, जबकि 14-बार का चैंपियन इंडोनेशिया एक भी मैच नहीं हारा और नॉकआउट मुकाबलों में चीन व जापान को हराकर फाइनल में पहुंचा है। भारत को फाइनल तक पहुंचाने में किदांबी श्रीकांत और एच एस प्रणय ने पांच मैच जीतकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी ज़रूरत पड़ने पर भारत को युगल मैचों में जीत दिलायी है।

मलेशिया और डेनमार्क के विरुद्ध अपने मैच हारने वाली कृष्णा प्रसाद गरगा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की जोड़ी भारत की कमज़ोर कड़ी रही है। मुमकिन है कि टीम प्रबंधन फाइनल में इनकी जगह एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला को जगह दे। दूसरी तरफ़, विश्व के नंबर नौ शटलर लक्ष्य सेन ने प्रतियोगिता के शुरुआती दिनों में विषाप्त भोजन का शिकार होने के बावजूद अच्छा प्रदर्शन दिखाया है।

पिछले रिकॉर्ड को ध्यान में रखा जाये तो लक्ष्य को फाइनल में विश्व के नंबर चार खिलाड़ी एंथनी सिनिसुका जिनटिंग के खिलाफ खिलाया जा सकता है, क्योंकि उन्होंने मार्च में हुए जर्मन ओपन में जिनटिंग को सीधे मुकाबलों में मात दी थी।

श्रीकांत को विश्व के नंबर आठ खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ खेलने के लिये भेजा जा सकता है, क्योंकि वह आमने-सामने के नौ मुकाबलों में क्रिस्टी को पांच बार हरा चुके हैं। श्रीकांत को क्रिस्टी के खिलाफ पिछले दो मुकाबलों में बहुत न्यूनतम अंतर से हार का सामना करना पड़ा था, जिसका बदला लेने के लिये वह उत्सुक होंगे।

अगर फाइनल आखिरी मैच तक जाता है तो पिछले मैच में चोटिल हुए प्रणय को विश्व के नंबर 24 खिलाड़ी शेसर हिरेन रुस्ताविटो के खिलाफ उतारा जा सकता है। प्रणय को एड़ी में मोच आई थी, जो उनके लिये फाइनल मुकाबले में समस्या का कारण बन सकता है। गौरतलब है कि प्रणय शेसर को दो बार हरा चुके हैं, हालांकि यह मुकाबले पांच साल पहले हुए थे और तब से दोनों आमने-सामने नहीं आये हैं।

इंडोनेशिया केविन संजय सुकामुलजो, मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान जैसे युगल खिलाड़ियों के दम पर जीत दर्ज करता आया है, हालांकि भारत भी इनसे मुकाबला करने के लिये चिराग और सात्विक पर भरोसा कर सकता है। चिराग-सात्विक की भारतीय जोड़ी 2018 एशिया टीम चैंपियनशिप में सुकामुलजो और अहसान को हरा चुकी है।

## विश्व मुक्केबाजी के क्वार्टरफाइनल में पहुंची नीतू और मनीषा

नयी दिल्ली, 14 मई। भारत की नीतू ने शनिवार को 48 किग्रा भार वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में स्पेन की मार्टा लोपेज डेल अर्बोल को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराकर तुर्की के शहर इस्तांबुल में जारी 12वीं आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। नीतू के बाद 2019 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य विजेता मनीषा (57 किग्रा) ने भी अंतिम आठ में जगह बना ली। पहले राउंड में नीतू ने सावधान शुरुआत की और मार्टा के मुक्कों के बचती रहीं लेकिन एक मिनट बीतने के बाद वह हावी हो गई दूसरे राउंड में मार्टा ने वापसी की जोरदार कोशिश की लेकिन नीतू अपनी लय पर कायम रहीं और अच्छे बचाव के साथ जोरदार घूंसे लगाती रहीं।

# स्टंप्स से गेंद के टकराने पर बल्लेबाज को दिया जाए आउट : युजवेंद्र चहल

मुम्बई, 14 मई। लेग स्पिनर युज़वेंद्र चहल पूर्व क्रिकेटर और अब कमेंटेटर बन चुके संजय मांजरेकर की इस दलील से पूरी तरह से सहमति रखते हैं कि अग़र गेंद स्टंप्स से टकराती है और गिल्लियों की बत्ती जलती है लेकिन वह गिरती नहीं हैं तब भी बल्लेबाज़ को आउट दिया जाना चाहिए।

ऐसी स्थिति दिल्ली कैपटिल्स के ख़िलाफ़ खेले राजस्थान रॉयल्स के पिछले मुक़ाबले में आई थी, जब चहल के पहले ओवर की अंतिम गेंद पर डेविड वॉर्नर लेग ब्रेक से गच्चा खा गए थे और गेंद सीधे स्टंप्स से जा टकराई थी। हालांकि गिल्लियां नहीं गिरी और वॉर्नर ने 52 रनों की पारी खेली। जिस वक़्त यह घटनाक्रम हुआ उस वक़्त वॉर्नर 22 रन के निजी स्कोर पर खेल रहे थे।

चहल ने गुरुवार को ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो से इस मसले पर चर्चा करते हुए कहा, ''चूंकि मेरे साथ ऐसा पहली बार हुआ था इसलिए मैं भी यह देखकर दंग था कि गेंद के स्टंप्स से टकराने के बावजूद गिल्लियां नहीं गिरी। अग़र मैच के नाज़ुक मोड़ पर ऐसी चीज़ें घटित होती हैं वह भी तब जब वॉर्नर जैसा बल्लेबाज़ सामने हो जो कि ख़ुद ज़्यादा मौक़े नहीं देते। अग़र वह आउट होते तो निश्चित तौर पर मैच का नतीजा कुछ और हो सकता था।''

योजना काम कर गई थी, चहल और संजू सैमसन ने जश्न मनाना भी शुरु कर दिया था लेकिन जल्द ही उन्हें मजबूरन अपना जश्न रोकना पड़ा। मैच के अधिकारी एलईडी स्टंप्स की तकनीक की तीन तरह की स्थिति में मदद लेते हैं, बोल्ड, रन आउट और स्टंप आउट। मौजूदा नियमों के मुताबिक बल्लेबाज़ को आउट करार देने के लिए गिल्लियों का स्टंप्स से गिरना ज़रूरी है। हालांकि एलईडी लाइट्स तभी चमकती हैं जब एक या दोनों बेल्स पर दोनों स्पाईगोट्स खांचे से हट जाते हैं, लेकिन वह वापस स्टंप्स पर बैठ भी सकते हैं। बुधवार को कुछ ऐसा ही हुआ, बायीं गिल्ली स्टंप्स के खांचे से निकल आई, कुछ पल के लिए बत्ती भी जली लेकिन वह वापस बैठ गई।

वॉर्नर ने मैच के बाद चुटीले अंदाज़ में कहा कि क़िस्मत उनके साथ थी। उन्होंने कहा, ''आप ट्रेनिंग के दौरान कठिन परिश्रम करते हैं और आप अपनी क़िस्मत ख़ुद बनाते हैं और आज भाग्य मेरे साथ था।'' मिचेल मार्श के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, ''स्पिनर्स तब शिकायत करते हैं जब गेंद स्पिन नहीं करती और वह तब भी शिकायत करते हैं जब गेंद स्पिन नहीं करती। यह उन चीज़ों में था जहां स्टंप्स ज़मीन में जाम हो गए थे।''

## पीसीबी ने कहा, श्रीलंका दौरे पर जाएगा पाक

कराची, 14 मई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को आश्वासन दिया है कि देश में मौजूदा अव्यवस्था के बावजूद उन्हें जुलाई-अगस्त में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वहां का दौरा करने में कोई समस्या नहीं है। पीसीबी अधिकारी ने कहा, ''हम हमेशा श्रीलंका क्रिकेट का समर्थन करने के लिए तैयार हैं, मुश्किल के समय में भी। हमें टेस्ट श्रृंखला के लिए देश का दौरा करने में कोई समस्या नहीं है।'' देश में मौजूदा अनिश्चित राजनीतिक और आर्थिक स्थिति के कारण एसएलसी को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और सरकार के खिलाफ देश की सड़कों पर रोजाना हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। आस्ट्रेलिया को पाकिस्तान से पहले श्रीलंका का दौरा करना था लेकिन क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है कि वे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और इसी के आधार पर अंतिम फैसला करेंगे। दूसरी तरफ पीसीबी अधिकारी ने कहा है कि फैसला श्रीलंका क्रिकेट को करना है और पाकिस्तान उनकी बात मानेगा।




*चिंतन शिविर, उदयपुर : बहुत लम्बे समय बाद कांग्रेस की होर्डिंग्स में पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव का चित्र नज़र आया।*

# 'चिंतन शिविर के पश्चात् और भी प्रभावी स्वरूप में उभरेगी कांग्रेस'

## खुद की भूमिका पर बोले पायलट, जो जिम्मेदारी पार्टी देगी वह निभाऊंगा।

जयपुर, 14 मई (का.प्र.)। कांग्रेस में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि जब शिविर में भाग लेने वाले नेताओं में 50 प्रतिशत नेता 40 वर्ष से कम उम्र के हैं, तो स्पष्ट है कि पार्टी युवाओं को महत्व दे रही है। उनकी खुद की आगामी भूमिका को लेकर पूछे गए सवाल पर पूर्व उपमख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, वह निभाऊंगा। पहले भी मैं पार्टी की ओर से दी गई जिम्मेदारियों को निभाता आ रहा हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर कोई चुनौती दे सकता है तो वह सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही है। देश में वर्तमान समय में जो ज्वलंत मुद्दे है, केन्द्र सरकार धर्म, जात-पात की बात करके उनसे जनता का ध्यान भटकाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को केन्द्र में काबिज हुए 8 साल हो गये है। उसे इन आठ वर्षों के कार्यों का लेखा-जोखा जनता के सामने प्रस्तुत करना चाहिए। इन 8 सालों में देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। महंगाई चरम पर है। पैट्रोल-डीजल, रसोई गैस सहित रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। देश का युवा वर्ग हताश है। बेरोजगारी बढ़ गई है, नई नौकरियां नहीं निकाली जा रही है। लोगों के काम-धन्धे ठप्प हो गये है। सरकार के स्वयं के आंकड़े बताते है कि देश में भुखमरी, कुपोषण जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करके आगामी रणनीति तैयार करने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में उदयपुर में 13 मई से 15 मई, 2022 तक तीन दिवसीय "नव संकल्प चिंतन शिविर" का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देशभर से 400 से अधिक कांग्रेसजन भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में महिलाओं का प्रतिनिधित्व पहले से अधिक रखा गया है। साथ ही 50 प्रतिशत से अधिक प्रतिभागी 40 वर्ष के कम उम्र के हैं। उन्होंने बताया कि इस चिंतन शिविर में विभिन्न विषयों की अलग-अलग समितियां बनायी गई है। आर्थिक मामलों से संबंधी समिति में उन्हें भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले है तथा दो वर्ष बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में यह चिंतन शिविर बहुत ही महत्वपूर्ण समय पर बुलाया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आयेंगे और कांग्रेस पार्टी नई ऊर्जा व मजबूती के साथ नौजवानों व मध्यम वर्ग की आवाज बनकर उभरेगी।

## राहुल व प्रियंका...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इस असमंजस की स्थिति को समाप्त करना ही होगा। जहाँ वरिष्ठ नेताओं के बीच ज़ुबानी झड़पें होती रहीं, वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अशोक गहलोत तथा उनकी सरकार पर कटाक्ष किये। बघेल ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी द्वारा बताई गई योजनाएं क्रियान्वित कर दी हैं लेकिन उनके सफल एवं लोकप्रिय न होने का कारण यह रहा कि अन्य मुख्यमंत्रियों, जैसे राजस्थान के मुख्यमंत्री, ने उन्हें लागू नहीं किया। उनका संकेत न्याय स्कीम की ओर था। उन्होंने कहा कि अगर ये योजनाएं लागू कर दी गई होतीं, तो इससे अर्थव्यवस्था को मदद मिली होती तथा भाजपा पर ऐसी और योजनाएं शुरु करने का दबाव पड़ता।

जो चीज राहुल गांधी के लिये बहुत बड़ा धक्का सिद्ध हो सकती है, वह है- युवा कांग्रेस और एन.एस.यू.आई. के चुनाव, जिसका बड़ा प्रयोग राहुल ने उस समय किया था, जब वे कांग्रेस अध्यक्ष बने थे तथा वह विवादास्पद भी रहा था। ऐसी संभावना है कि इस बिन्दु को दरकिनार कर दिया जाये क्योंकि इसके खिलाफ कई नेता बोले थे तथा उन्होंने कहा था कि इसे शुन्य एवं अकृत (नल एंड वॉइड) कर दिया जाना चाहिये।

उन तौर-तरीकों को लेकर गहरी अप्रसन्नता व्यक्त की गई, जिस तरीके से युवा कांग्रेस और एन.एस.यू.आई. चलाये जा रहे हैं, तथा किसी भी स्तर पर उनकी कोई प्रभावी भूमिका दिखाई नहीं दे रही है। उस तरीके पर भी प्रतिक्रिया दिखाई दी, जिस तरीके से ए.आई.सी.सी. सचिव नियुक्त किये जा रहे हैं, क्योंकि ये अपरिचित लोग हैं तथा इन्हें संगठन का कोई अनुभव नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी को भी नहीं मालूम कि इन लोगों की नियुक्ति क्यों और कैसी की जा रही हैं। ऐसी संभावना दिखाई दे रही है कि जी-23 की इस मांग को सी.डब्ल्यु.सी. स्वीकार कर सकती है कि चुनाव समिति के बजाय, संसदीय बोर्ड की नियुक्ति होनी चाहिये। इसके साथ भी इस बात का निर्णय होने की भी संभावना है कि इसके लिये चुनाव कराये जायेंगे या यह बोर्ड मनोनीत होगा। पार्टी ने कहा है कि संगठन के पदों में से 50 प्रतिशत पद 50 वर्ष से कम उम्र के नेताओं के लिये होंगे तथा संगठन में कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों तथा अन्य के लिये आरक्षण होना चाहिये। यह भी संभावित है कि महिला आरक्षण बिल, जो पहले अस्वीकार हो चुका है, में कोटा के अंदर कोटा की पूर्ववर्ती माँग स्वीकार कर ली जाये।

# बदलाव नजर आया होर्डिंग्स में

उदयपुर, 14 मई (का.प्र.)। यहां चल रहे कांग्रेस के नव संकल्प शिविर में पार्टी में काफी कुछ बदलने को लेकर चर्चाएं चल रही हैं और बयान भी आ रहे हैं, किन्तु पार्टी में सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद क्या बदलाव आने हैं यह तो 1 दिन बाद ही पता चलेगा, लेकिन इस शिविर से पहले कांग्रेस में जो बदलाव देखने को मिला है उसमें प्रमुख बदलाव यह है कि कांग्रेस ने शहर भर में जो होर्डिंग्स लगाए हैं उनमें उन नेताओं को स्थान मिला है, जिन्हें कांग्रेस आमतौर पर याद नहीं करती है। इस बार लगाए गए पोस्टर्स कुछ खास हैं। आमतौर पर कांग्रेस के शिविरों, अधिवेशनों या सम्मेलनों के पोस्टरों में महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू के साथ गांधी परिवार को तवज्जो दी जाती है या फिर संबंधित प्रदेश के मुख्यमंत्री को। शहर के प्रमुख रास्तों पर लगे होर्डिंग्स में महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, मनमोहन सिंह के साथ स्वतंत्रता सेनानियों को भी बराबर महत्व दिया गया है। इन होर्डिंग्स में पीवी नरसिम्हा राव, मौलाना अबुल कलाम आजाद, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री, गोपाल कृष्ण गोखले, भगत सिंह, पंडित जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, लाला लाजपत राय, महात्मा गांधी, रवींद्र नाथ टैगोर, सुभाष चन्द्र बोस और सरोजनी नायडू भी शामिल हैं। आमतौर पर कांग्रेस कार्यक्रमों के पोस्टरों में गांधी परिवार या मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष के ही चेहरे नजर आते हैं। कांग्रेस ने इन पोस्टर के जरिए परिवारवाद के आरोपों का मौन जवाब देने की कोशिश की है। उदयपुर एयरपोर्ट से से लेकर शहर में कई जगह ऐसे पोस्टर लगाए गए हैं।

- **नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह, भगत सिंह, गोखले और सुभाष चन्द्र बोस को भी जगह दी कांग्रेस ने।**

## स्थानीय नागरिकों एवं ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गई है। अब शिविर स्थल से पांच किलोमीटर दूर से तीन चैक पोस्ट बनाकर गहन जांच के बाद ही केवल पासधारियों को ही उस मार्ग पर जाने की अनुमति दी जा रही है। चिकित्सा दलः इधर, शिविर में प्रतिभागिता कर रहे दो नेताओं की तबीयत बिगड़ने पर एक को चिकित्सालय भेजा गया तथा दूसरे को शिविर स्थल पर ही उपचार दिया गया। इसके बाद तत्काल चिकित्सा दल बुलवाया गया।

संयुक्त चिकित्सा निदेशक जेड ए काजी और जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी मय स्टाफ शिविर स्थल पहुंचे। अब एक चिकित्सा दल शिविर समाप्त होने तक शिविर स्थल पर ही रहेगा।

## रेणु जी का...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मुख्यमंत्री राज्य के क्षेत्रीय अखबरों से अपना अनुसरण करवाना चाहता है और उनसे यह उम्मीद करते हैं कि उसकी राजनीति, उसकी नीतियों, वे उसके सुशासन की कमी और उसके द्वारा की जा रही प्रतिशोध की राजनीति पर सवाल खड़े किए बिना उनके नेतृत्व के प्रशस्ति गान लिखे।

इस मॉडल का अनुसरण संभवतः भाजपा द्वारा किया जाता है, लेकिन यह निश्चित रूप से कांग्रेस की कार्यशैली का हिस्सा कभी नहीं रहा, जिसने ऐसी सैन्सरशिप कभी लागू नहीं की।

इसके साथ ही अशोक गहलोत ने ताज अरावली पार्किंग स्थल पर लगाए मीडिया टैंट के आस पास भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की है। यह गहलोत सरकार द्वारा लगाया गया ए.आई.सी.सी. मीडिया सैन्टर है।

यह नोटिस किया गया कि सी.आई.डी. और पुलिस, दोनों के कर्मी सादे कपड़ों में बड़ी संख्या में पत्रकारों के बीच बैठे थे। क्या यह जासूसी, निगरानी या पत्रकारों की बात सुनने के लिए है या यह देखने के लिए कि क्या रिपोर्ट्स दी जा रही है तथा क्या इन रिपोर्ट्स में मुख्यमंत्री और उनकी कार्यशैली की आलोचना है। लगता है कि अशोक गहलोत स्वयं को अधिकाधिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं क्योंकि वह अपना मुख्यमंत्री पद बचाने के लिए जरूरत से अधिक सक्रिय हैं। उदयपुर की तपती गर्मी, जिसमें दिन का तापमान बहुत अधिक है, मीडिया के अरैन्जमैन्ट्स एक तपते टैन्ट में किए गए है, जहां ए.सी. नहीं चल रहे है वैसे बात तो बहुत गंभीर व बड़ी है, लेकिन संक्षिप्त में इतना ही कहा जा सकता है कि वास्तव में जिस जगह शिविर चल रहा है, वहां मीडिया को एक्सैस नहीं दिया गया है।

# सुनील जाखड़ के इस्तीफे ने बिगाड़ा कांग्रेस के चिंतन शिविर का मिजाज

## जाखड़ बोले, राहुल चापलूसों से बचें और पार्टी की कमान संभालें

उदयपुर, 14 मई (का.प्र.)। कांग्रेस जहां तीन दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन कर पार्टी में आमूलचूल परिवर्तन की ओर कदम बढ़ा रही वहीं पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सुनील जाखड़ ने ना सिर्फ पार्टी छोड़ी, बल्कि पार्टी नेतृत्व सहित नेतृत्व के चापलूसों पर निशाना साधा। उन्होंने राहुल गांधी की तारीफ की, लेकिन साथ में यह भी कहा कि वे चापलूसों से पीछा छुड़ा ले क्योंकि इसकी वजह से कांग्रेस का नुकसान हो रहा है। उनके निशाने पर खास तौर से अंबिका सोनी, हरीश रावत और हरीश चौधरी के अलावा चरणजीत सिंह चन्नी भी रहे। दूसरी ओर पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष पद छोड़ चुके नवजोत सिंह सिद्धू ने ट्वीट कर कहा कि पार्टी को सुनील जाखड़ को नहीं खोना चाहिए था। वह सोने की कीमत के जैसे हैं। कुछ बातें टेबल पर की जा सकती थीं। जैसे ही सुनील जाखड़ के पार्टी छोड़ने की खबर आई, इसका असर उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के चिंतन शिविर पर भी नजर आया। ठीक उसी समय संवाददाता सम्मेलन में मौजूद कांग्रेस के नेता इस संबंध में सवालों से बचते नजर आए। हालांकि इस बारे में पंजाब के प्रभारी रहे हरीश रावत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस्तीफा देने से पहले उन्हें सोनिया गांधी से बात करनी चाहिए थी। वहीं खुद पर लगाए गए आरोपों को लेकर रावत ने कहा कि वे उन्हें छोटे भाई के तौर पर ही देखते हैं। इस मामले में जब उदयपुर में मौजूद पंजाब में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा से बात करनी चाही, तो उन्होंने इस बारे में जवाब देने से स्पष्ट तौर पर मना कर दिया। जाखड़ ने सोनिया गांधी के लिए कहा कि वह पूरे देश में राजनीति करें, लेकिन पंजाब को बख्श दें। जाखड़ ने कहा कि आतंकवाद के दौर में और वर्ष 1984 में जब ए के-47 भी पंजाब में धर्म और जात-पात का भेदभाव न कर सकी, उसे कांग्रेस नेता अंबिका सोनी ने चुनाव के वक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे उदयपुर में कांग्रेस की हालत देख तरस आ रहा है। कितने नेता सिर्फ चीयरलीडर्स हैं, और कितने कड़वी और सच्ची बात कहेंगे? उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चिंतन शिविर सिर्फ एक फॉर्मेलिटी से ज्यादा कुछ नहीं। अगर वाकई चिंता होती तो कांग्रेस उत्तर प्रदेश में हार के लिए कमेटी बनाती। इसका कारण खोजती कि कैसे 403 में से 300 सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार को 2 हजार वोट भी नहीं मिले। इससे ज्यादा वोट तो पंचायत के उम्मीदवार को ही मिल जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसका जिम्मेदार उम्मीदवार नहीं बल्कि शीर्ष नेता और पार्टी नेतृत्व है, जिसने कांग्रेस की यह दुर्दशा की है। जाखड़ ने कहा कि कांग्रेस को उम्मीद थी कि उत्तराखंड और पंजाब में पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी। यहां कांग्रेस की सरकार बनेगी। ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने पूछा कि क्या कोई बताएगा कि उत्तराखंड के सीएम प्रत्याशी हरीश रावत का एक पैर पंजाब में और दूसरा देहरादून में क्यों था, क्या सोचकर रावत को प्रभारी बनाकर भेजा गया? क्या रावत की मंशा थी कि हम तो डूबेंगे सनम, लेकिन तुमको भी ले डूबेंगे। हरीश रावत को किए की सजा मिली। उन्होंने कहा कि पंजाब ने बहुत बुरे दिन देखे हैं। पंजाब को धर्म के आधार पर नहीं देख सकते। पंजाब एक है। अंबिका सोनी की जुबान ने कांग्रेस का बेड़ा डुबोया। सिख, सिखी और कांग्रेस के माथे पर सोनी ने कलंक लगाया। सोनी ने हिंदुओं को बदनाम किया। कहा गया कि हिंदू सीएम बन गया तो पंजाब में आग लग जाएगी। यह काम तो आतंकवाद में ए के -47 भी नहीं कर पाई।

- **हरीश रावत बोले, सोनिया गांधी से बात करनी चाहिए थी, प्रताप बाजवा जवाब देने से बचते रहे।**

## दिल्ली आग की घटना में 29 लोग अभी भी लापता

नई दिल्ली, 14 मई (वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी में पश्चिमी दिल्ली के मुंडका मैंट्रो स्टेशन के पास एक चार मंजिला इमारत में लगी आग को 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी दो दर्जन से अधिक लोग लापता हैं और उनके परिजन अपनों की तलाश में जुटे हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, इस चार मंजिला इमारत में लगी आग में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए, जबकि 29 अन्य लापता हो गए।

इसके साथ ही मामले की मजिस्ट्रेट से जांच कराने के आदेश दिए हैं। संजय गांधी अस्पताल के शवगृह के बाहर करीब एक दर्जन परिवार अपने रिश्तेदारों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने दावा किया कि अस्पताल में हेल्प डेस्क बनने के बावजूद, उन्हें अपने प्रियजनों के बारे में जानकारी नहीं मिल रही है।

- **मुख्यमंत्री केजरीवाल ने मामले की मजिस्ट्रेट से जांच कराने के आदेश दिए हैं।**

इस दौरान एक महिला ने दावा किया कि उनकी बेटी पिछले दो वर्षों से उस इमारत में काम कर रही थी, जिसमें शुक्रवार को आग लगी थी। महिला ने कहा, आग लगने के दौरान मेरी बेटी ने मुझ से बात की और उसके बाद से उसका मोबाइल स्विच ऑफ है।

उन्होंने कहा, मेरे खून के नमूने डी.एन.ए. परीक्षण के लिए लिया गया है, ताकि मेरी बेटी के शव का मिलान हो सके। इससे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ घटनास्थल का दौरा था। केजरीवाल ने कहा कि मृतकों के शवों का डी.एन.ए. परीक्षण करने के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

अपनी 19 साल की बेटी के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए दर-दर भटक रही गायत्री ने कहा, पूजा कल रात से लापता है। मैंने अधिकारियों से संपर्क किया है, लेकिन अभी तक कोई सूचना नहीं मिली है।

# सचिन पायलट के साथ नाइंसाफी तो हुई है, मुझे पूरा भरोसा है कांग्रेस नेतृत्व उनके साथ इंसाफ करेगा

## प्रियंका गांधी के नजदीकी आचार्च प्रमोद कृष्णम ने फिर कही पायलट के पक्ष की बात

उदयपुर, 14 मई (का.प्र.)। उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के नव संकल्प शिविर में आए प्रियंका गांधी के नजदीकी नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक बार फिर सचिन पायलट के साथ अन्याय होने का बयान देते हुए कहा है कि सोनिया गांधी ने नेताओं को इशारा कर दिया है। उन्होंने नेताओं से त्याग करने की बात कहकर साफ मैसेज दे दिया है। इसका असर आगे देखने को मिलेगा। इसमें राजस्थान या किसी प्रदेश के नेता विशेष की बात नहीं है, सबके समझने की बात है। कांग्रेस में मंथन-चिंतन के बाद परिवर्तन का नियम है।

उन्होंने कहा कि 2018 में जब विधानसभा चुनाव हुए तब प्रदेशाध्यक्षों को मुख्यमंत्री बनाया गया था। पंजाब में अमरिंदर सिंह प्रदेशाध्यक्ष थे तो उन्हें सीएम बनाया गया। एमपी में कमलनाथ प्रदेशाध्यक्ष थे उन्हें सीएम बनाया, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल प्रदेशाध्यक्ष थे, उन्हें सीएम बनाया, लेकिन राजस्थान में उस समय कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। सचिन पायलट के साथ थोड़ी नाइंसाफी तो हुई है। अब मुझे पूरा भरोसा है कि कांग्रेस नेतृत्व उनके साथ इंसाफ करेगा। आचार्य प्रमोद ने कहा- सोनिया गांधी ने कल अपने भाषण में बहुत कुछ साफ कर दिया है। भारत की में राजनीति में सोनिया ने जीवन का आधा हिस्सा देश और कांग्रेस के लिए कुर्बान कर दिया। उन्होंने तीन बार पीएम पद कुर्बान कर दिया। उन्होंने कल बड़ा इशारा किया है। चिंतन शिविर का मोटिव सोनिया गांधी ने समझा दिया है। इसका मकसद है कि चिंतन-मंथन के बाद परिवर्तन होना है। राजस्थान में सोनिया गांधी के मैसेज के मायनों के सवाल पर आचार्य प्रमोद ने कहा कि उन्हें राजस्थान, छत्तीसगढ़ के बारे में कमेंट करने का अधिकार नहीं है, लेकिन, आप इंतजार कीजिए। कृष्णम इससे पहले भी कई बार सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की पैरवी कर चुके हैं और सीएम अशोक गहलोत को लेकर भी तंज कस चुके हैं। उनके ताजा बयान को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

- **सोनिया गांधी ने त्याग करने की बात कहकर साफ मैसेज दे दिया है कि, इसका असर देखने को मिलेगा, इसमें राजस्थान या किसी प्रदेश के नेता विशेष की बात नहीं है, सबके समझने की बात है।**

## 'सैलून में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लिखा है, कि इस सैलून में कार्यरत टैक्नीशियन, विजय और मोहित के पास "हेयर ट्रांसप्लान्ट" करने के लिए किसी "मैडिकल कोर्स" या डिग्री का प्रमाण पत्र नहीं है। इसलिए विजय को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है, वहीं मोहित के खिलाफ "वॉरन्ट" जारी कर दिया गया है।

अदालत ने अपने आदेश में यह भी टिप्पणी की है कि देश भर में ऐसे सैलून पनप रहे हैं, जहां स्व प्रचारित "टैक्नीशियन", "हेयर ट्रांसप्लान्ट और कॉस्मैटिक सर्जरी" करते हैं, "जो नैतिकता और निर्धारित प्रक्रिया के नियमों के विरूद्ध है।" अदालत ने अपने आदेश में आगे कहा कि "हेयर ट्रांसप्लान्ट" जैसी सर्जरी एक प्रशिक्षित सर्जन और "डर्मिटोलॉजिस्ट" की देखरेख में ही की जानी चाहिए। अदालत ने आगे कहा कि जिन सैलून में ऐसी सर्जरी की जाती है, वहां लोगों को ऐसी सर्जरी से संबंधित जोखिमों के बारे में भी सूचित नहीं किया जाता, जिसको जानकार ही लोग ऐसी सर्जरी करवाने के लिए अपनी रज़ामंदी दे सकते हैं। जिन लोगों से उनकी रज़ामंदी ली गई होती है उन्हें यह जानकारी ही नहीं होती की यह सर्जरी केवल प्रशिक्षित डॉक्टर ही कर सकते हैं।

आदेश में आगे कहा गया है कि करोना महामारी के समय इन सैलूनों में वृद्ध तथा वे व्यक्ति जो "कोमॉर्बिडिटीज़" से ग्रस्त हैं उन्हें ऐसे सैलूनों से ज्यादा खतरा है। अदालत के अनुसार एक प्रशिक्षित डॉक्टर के अभाव में सैलून में कराई जा रही सर्जरी से किसी निर्दोष व्यक्ति का स्थाई नुकसान हो सकता है या उक्त मामले की तरह जान भी गंवानी पड़ सकती है। इसके साथ ही अदालत ने दिल्ली पुलिस, दिल्ली सरकार तथा स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों को अपनी रिपोर्ट के साथ सुनवाई की अगली तारीख पर पेश होने के आदेश दिये हैं।

## आगामी राज्यसभा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से कम 37 वोट चाहिये। वर्तमान स्थिति में, भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के सात सदस्य आसानी से जीत जायेंगे। सपा तथा मित्र दल- राष्ट्रीय लोक दल एवं सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी- अपने 125 विधायकों के दम पर, 3 सीटें जीत जायेंगे। 11वीं सीट के लिये भाजपा और सपा के बीच "टाई" की स्थिति रहेगी तथा इस सीट का जीत अन्य दलों के समर्थन पर निर्भर होगी, जिनमें राजा भैया की जनसत्ता कांग्रेस तथा मायावती की बसपा भी शामिल हैं, जिनके पास क्रमशः 2 तथा 1 विधायक हैं।

कांग्रेस के कपिल सिब्बल, बसपा महासचिव सतीश चन्द्र मिश्रा तथा समाजवादी पार्टी रेवती रमणसिंह उन सदस्यों में शामिल हैं, जिनका उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल समाप्त हो रहा है। मिश्रा तथा अशोक सिद्धार्थ के सेवानिवृत्त हो जाने के बाद, इस सदन में रामजी गौतम बसपा के अकेले सदस्य बचेंगे।

सेवानिवृत्त होने वाले पाँच भाजपा सदस्य हैं- ज़फर इस्लाम, शिव प्रताप शुक्ला, संजय सेठ, सुरेन्द्र नागर तथा जय प्रकाश निषाद।

महाराष्ट्र से छः राज्यसभा सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिनमें शामिल हैं- केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा कांग्रेस सदस्य पी. चिदम्बरम तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी सदस्य प्रफुल्ल पटेल, शिव सेना के संजय राउत एवं भाजपा के विनय सहस्त्रबुद्धे और विकास हरिभाऊ महात्मे।

राजस्थान से सेवानिवृत्त होने वाले चारों सदस्य भाजपा के हैं। ये हैं- भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश माथुर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अलफॉन्स कन्ननथानम, राम कुमार वर्मा तथा पूर्व डूँगरपुर नरेश हर्षवर्धन सिंह। चूंकि कांग्रेस सत्ता में है, यह इस बार कम से कम तीन सीट तो जीत ही जायेगी।

पंजाब से सेवानिवृत्त होने वाले सदस्य हैं- वरिष्ठ कांग्रेस नेता अंबिका सोनी तथा अकाली दल नेता बलविन्दर सिंह। सत्तारूढ़ आप दोनों ही सीटों को आसानी से समेट लेगी।

# छः साल पहले भाजपा जॉइन करने वाले माणिक साहा त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बने

अगरतला, 14 मई (वार्ता)। एक अप्रत्याशित राजनीतिक घटनाक्रम के तहत त्रिपुरा के मुख्यमंत्री विप्लव कुमार देव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेतृत्व के दिशानिर्देश पर शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। विप्लव देव के स्थान पर डॉ. माणिक साहा त्रिपुरा के नये मुख्यमंत्री होंगे।

विप्लव कुमार देव केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ आज यहां राजभवन पहुंचे और राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य को अपना त्यागपत्र सौंपा।

उन्होंने एक पंक्ति में लिखे त्यागपत्र में कहा, मैं 14.5.2022 से त्रिपुरा के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा देता हूं। बाद में उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा, मेरी पार्टी ने मुझ से इस्तीफा देने को कहा है। अब पार्टी चाहती है कि मैं संगठन को मजबूत करने के लिए काम करूं क्योंकि चुनाव नजदीक हैं।

उन्होंने आगे कहा, मैंने राज्य के विकास को प्रमुखता देने का प्रयास किया है जिससे यहां की जनता समृद्धि और शांति से जिएं। मैंने मुख्यमंत्री के रूप में लोगों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए कोशिश की। जिम प्रशिक्षक रहे देव ने 2018 के राज्य विधानसभा चुनावों में भाजपा-आई.पी.एफ.टी. गठबंधन की धमाकेदार जीत और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ( माकपा) नीत वाम मोर्चा के 25 साल के शासन की समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री का पदभार संभाला था। विप्लव कुमार देव के शनिवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटे बाद ही डॉ. साहा को प्रदेश भाजपा के विधायक दल का नेता चुना गया। देव ने डॉ. साहा के नेता चुने जाने की जानकारी ट्विटर पर देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। भाजपा नेतृत्व के निर्देश पर देव के इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद साहा को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। देव ने ट्वीट किया, डॉ. माणिक साहा को पार्टी विधायक दल का नया नेता बनाए जाने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं। देव ने एक अन्य ट्वीट में कहा, मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि और नेतृत्व में त्रिपुरा और प्रगति करेगा।

- **एक अप्रत्याशित घटना के तहत भाजपा ने अचानक विप्लव देव का मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा लिया**
- **इस्तीफे के बाद में विप्लव देव ने संवाददाताओं से कहा कि, उन्होंने पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा, मेरी पार्टी ने मुझसे इस्तीफा देने को कहा है। अब पार्टी चाहती है कि, मैं संगठन को मजबूत करने के लिए काम करूं क्योंकि चुनाव नजदीक हैं।**

# ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वे शुरु

लखनऊ, 14 मई। ज्ञानवापी मस्जिद में शनिवार को पहले दिन के सर्वे का काम शनिवार को पूरा हो गया है। दोपहर 12 बजे तक यह सर्वे का काम हुआ। पहले दिन 4 घंटे तक सर्वे का काम चला। इस दौरान हिंदू पक्ष के वकील ने दावा किया है कि सर्वे के दौरान हमारी उम्मीदों के मुताबिक साक्ष्य मिले। हालांकि अभी इनके बारे में कुछ नहीं बताया जा सकता। वकील कह रहे हैं कि यह मामला गोपनीय है। जो कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा। वादी पक्ष के वकील ने कहा तहखानों के सर्वे का काम आधा हो गया, आधा कल होगा।

कोर्ट कमिश्नर ने सर्वे का काम पूरा होने के बाद कहा कि सर्वे का काम शांतिपूर्ण तरीके से हुआ। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि एक दो दिन और चलेगा सर्वे का काम। कितने तहखाने मिले इस पर वकीलों ने कहा अभी इस बारे में नहीं बता सकते। 17 मई को कोर्ट में रिपोर्ट पेश की जाएगी। ज्ञानवापी सर्वे के दौरान दोनों तहखानों वीडियोग्राफी की गई। कल 8 बजे से फिर सर्वे का काम शुरू होगा। कल पूरा हो गया सर्वे का काम तो ठीक, नहीं तो अगले दिन सर्वे का काम संपन्न कराया जाएगा। ज्ञानवापी में नंदी के आसपास सर्वे किया गया।

जानकारी के मुताबिक सर्वे टीम के साथ वादी-प्रतिवादी पक्ष भी परिसर में मौजूद थे। वहीं एहतियातन मस्जिद परिसर के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया। मस्जिद परिसर के 500 मीटर के दायरे में दुकानों को बंद कर दिया गया।

# संजय राउत ने "एक देश, एक भाषा" की वकालत की

मुंबई, 14 मई। शिवसेना नेता संजय राउत ने शनिवार को 'एक देश, एक भाषा' की वकालत की। उन्होंने कहा कि हिंदी पूरे भारत में बोली जाती है और उसकी स्वीकार्यता भी है। राउत ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह को यह चुनौती स्वीकार करनी चाहिए कि सभी राज्यों में एक भाषा हो। राउत का यह बयान तब आया है जब करीब एक महीने पहले शाह ने कहा था कि हिंदी को अंग्रेजी के विकल्प के तौर पर स्वीकार किया जाना चाहिए, न कि स्थानीय भाषाओं के विकल्प के तौर पर। उनके इस बयान का दक्षिणी राज्यों में कई प्रतिष्ठित नेताओं ने विरोध किया था।

राउत का बयान तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री के पोनमुडी से जुड़े एक सवाल के जवाब में आया है, जिन्होंने एक दिन पहले हिंदी को कथित तौर पर थोपने की किसी भी कोशिश की निंदा की थी और उन दावों पर सवाल उठाए थे कि इस भाषा को सीखने से रोजगार मिलेगा। हिंदी सीखने वालों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होने का दावा करने वालों पर निशाना साधते हुए पोनमुडी ने पूछा था कि अभी कोयंबटूर में 'पानी पूरी' कौन लोग बेच रहे हैं। उनका इशारा स्पष्ट रूप से इस कार्य से जुड़े हिंदी भाषी विक्रेताओं की ओर था। तमिलनाडु के मंत्री की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा कि उनकी पार्टी ने हमेशा हिंदी का सम्मान किया है। शिवसेना नेता ने कहा, 'मुझे सदन में जब भी मौका मिलता है, मैं हिंदी में बोलता हूं, क्योंकि देश को सुनना चाहिए कि मैं क्या कहना चाहता हूं, यह राष्ट्र की भाषा है।

**मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा,** आर.एन.आई. नं. 35214/79, **जयपुर कार्यालयः** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033, **उदयपुर कार्यालयः** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालयः**-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908